


Website:- www.Janmarg.com

TITLE CODE:- T/RJ/2024/211

e-mail :morningjanmarg@gmail.com

निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक

# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

श्रीगंगानगर, गुरुवार, 23.01.2025 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● वर्ष : 1 ● अंक : 271 ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692


## बर्फीले तूफान से 10 लोगों की मौत



जनमार्ग न्यूज

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के कई दक्षिणी राज्य भीषण बर्फबारी से जूझ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक इस तूफान की वजह से अब तक करीब 10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 2100 से ज्यादा उड़ानों को रद्द कर दिया गया। मिसिसिपी, अलबामा, फ्लोरिडा, जॉर्जिया और लुइसियाना समेत कई राज्यों ने इमरजेंसी की घोषणा कर दी गई है। कई इलाकों में रिकॉर्ड बर्फबारी की वजह से स्कूल और सरकारी ऑफिस बंद कर दिए गए हैं। इससे पहले अमेरिका की नेशनल वेदर सर्विस ने चेतावनी दी थी कि बर्फीले तूफान की वजह से अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी राज्यों में भारी हिमपात, ओले और बर्फीली बारिश हो सकती है। सड़कें बंद होने की वजह से अमेरिका में टेक्सास से लेकर फ्लोरिडा के जनजीवन ठहर गया है। अनुमान है कि बर्फबारी रुकने के बाद भी सड़कें खुलने और एयर सर्विस शुरू होने में कई दिन लगेंगे।

# राहुल गांधी कांग्रेस की कब्र खोद देंगे : राधामोहन

### » राजस्थान बीजेपी प्रभारी राधामोहन दास का तंज » मंत्रिमंडल फेरबदल पर दिया जवाब

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राजस्थान बीजेपी के प्रदेश प्रभारी राधामोहन दास अग्रवाल बुधवार को जयपुर पहुंचे। उन्होंने दिल्ली विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत का दावा करते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी और आम आदमी पार्टी पर तीखा निशाना साधा। जयपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत के दौरान अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस देशभर में खत्म हो रही है और राहुल गांधी इसके मुख्य कारण हैं। राधामोहन दास अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस तो 2013 से पहले ही दिल्ली से खत्म हो चुकी थी। राहुल गांधी बड़े अच्छे इंसान हैं, भगवान उनकी अच्छाई बरकरार रखे। वो कांग्रेस की इतनी कब्र खोद देंगे कि देश में कहीं भी कांग्रेस नहीं बचेगी। कांग्रेस के आरोपों को खारिज करते हुए अग्रवाल ने कहा कि जनता कांग्रेस को अच्छी तरह जान चुकी है। अब वे बेबुनियाद आरोप लगाकर चर्चा में बने रहने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इससे हमें कोई नुकसान



नहीं होगा, बल्कि फायदा ही होगा। आम आदमी पार्टी को लेकर अग्रवाल ने कहा कि यह पार्टी पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है। उन्होंने कहा कि लोग जान चुके हैं कि आप पार्टी केवल झूठ, भ्रष्टाचार, और वसूली की राजनीति करती है। शिक्षा और स्वास्थ्य के वादे पूरे नहीं हुए। फ्री बिजली का वादा करके बाद में लोगों से 5000 रुपए वसूल रहे हैं। अब तो शराब मुफ्त बांटने लगे हैं। जनता अब इन्हें पहचान चुकी है और दिल्ली में बीजेपी सरकार बनने जा रही है। मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर उठ रहे सवालों पर अग्रवाल ने इसे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का विशेषाधिकार बताया। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार होना है या नहीं, यह पूरी तरह मुख्यमंत्री तय करेंगे। उन्होंने इस संबंध में मुझसे कोई चर्चा नहीं की है। उन्हें जो उचित लगेगा, वह फैसला लेंगे। वहीं, राजस्थान बीजेपी के संगठन चुनावों पर अग्रवाल ने कहा कि जिलाध्यक्षों का चयन लगभग पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि योग्य और समर्पित कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता दी जा रही है। 45 से 60 साल की उम्र के कार्यकर्ताओं को, जिनका कोई आपराधिक रिकॉर्ड या भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, मौका दिया जा रहा है।

## जयपुर में पकड़ी 46 लाख की कोकीन

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** जयपुर कमिश्नरेट की सीएसटी टीम ने पिछले कुछ दिनों में नशे का कारोबार कर रहे लोगों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। पुलिस ने पांच विदेशी युवक और युवतियों सहित 14 बदमाशों को नशा बेचते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए नशे का काम कर रहे विदेशी युवक और युवती जयपुर में कई कॉलेज और निजी संस्थाओं में पढ़ाई के लिए जयपुर आकर यह काम कर हैं। जयपुर कमिश्नरेट पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद विदेश मंत्रालय को इनकी जानकारी दे दी है। 14 लोगों की गिरफ्तारी में पुलिस ने 9 एनडीपीएस के मामले दर्ज किए हैं। इन विदेशी नागरिकों से जब्त कोकीन की कीमत 46 लाख रुपए बताई जा रही हैं।

## मुंबई पुष्पक एक्सप्रेस में आग की अफवाह

- दूसरे ट्रैक पर आ रही ट्रेन ने कुचला
- हादसे में 11 लोगों की मौत, 40 घायल



जनमार्ग न्यूज

**जलगांव।** महाराष्ट्र के जलगांव में बुधवार शाम 4.42 बजे बड़ा ट्रेन हादसा हुआ। यहां पाचोरा स्टेशन के पास माहेजी और परधाड़े के बीच पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह फैली। इस दौरान किसी यात्री ने चेन पुलिंग कर दी। ट्रेन रुकी और घबराए यात्री कूद गए। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर आ रही कर्नाटक एक्सप्रेस ने कई यात्रियों को कुचल दिया। जलगांव स्कने 11 लोगों की मौत की पुष्टि की है। 40 पैसेंजर्स के घायल होने की खबर है। सेंट्रल रेलवे के भुसावल डिवीजन के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि जहां घटना हुई, उस जगह पर शार्प टर्न था। इस वजह से दूसरे ट्रैक पर बैठे पैसेंजर्स को ट्रेन के आने का अंदाजा नहीं लगा। यही वजह रही कि कर्नाटक संपर्क क्रांति से इतनी बड़ी संख्या में लोग कुचले गए। सेंट्रल रेलवे के सीपीआरओ स्वप्निल निला ने बताया, भुसावल से मेडिकल रिलीफ ट्रेन निकल चुकी है। हादसे में किसी यात्री की फिलहाल मौत की जानकारी नहीं है। घटनास्थल मुंबई से 400 किलोमीटर दूर है। ब्रेक लगने पर ट्रेन के पहिए से निकला था धुआं गाड़ी नंबर 12627 कर्नाटक एक्सप्रेस यशवंतपुर से हजरत निजामुद्दीन जा रही थी। जबकि पुष्पक एक्सप्रेस (12533) लखनऊ से मुंबई जा रही थी।

## वसुंधरा राजे से मिलने पहुंचे सीएम भजनलाल शर्मा

- राजस्थान में मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चा तेज

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे से मुलाकात करने के लिए सीएम भजनलाल शर्मा बुधवार को सिविल लाइन आवास पर पहुंचे. यह मुलाकात करीब 30 मिनट तक चली। 31 जनवरी से शुरू होने वाले राजस्थान बजट सत्र से पहले इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। बीजेपी के दिग्गज नेताओं की इस मीटिंग को देखते हुए मंत्रिमंडल फेरबदल की चर्चाएं भी जोर पकड़ने लगी हैं। कहा जा रहा है कि भजनलाल सरकार इस हफ्ते के आखिर तक कैबिनेट एक्सपेंशन पर कोई बड़ा फैसला ले सकती है। अगर ऐसा होता है तो राजस्थान के कुछ बड़े और सक्रिय नेताओं को



पॉलिटिकल अपॉइंटमेंट देकर एडजस्ट किया जा सकता है. इनमें सबसे बड़ा नाम कालीचरण सराफ और श्रीचंद कृपलानी का हो सकता है। क्योंकि ये दोनों ही नेता अनुभवी हैं और वसुंधरा राजे सरकार में मंत्री भी रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, भजनलाल मंत्रिमंडल में इन्हें जगह मिल सकती है। हालांकि राजस्थान सरकार के विश्वसनीय सूत्रों ने यह भी कहा है कि मंत्रिमंडल विस्तार बजट सत्र के बाद भी हो सकता है।

## स्पा सेंटर से थाईलैंड की 9 युवतियां पकड़ी



जनमार्ग न्यूज

**जोधपुर।** जोधपुर में स्पा सेंटर की आड़ में कई जगह पर अनैतिक गतिविधियां भी की जा रही है। पूर्व में भी कई कार्रवाई इसको लेकर की गई है। इसके बावजूद इस तरह की गतिविधियां थम नहीं रही है। इसी को लेकर जोधपुर के सरदारपुरा थाना पुलिस की ओर से वन मोर स्पा पर कार्रवाई की गई। यहां पर पुलिस ने स्पा सेंटर पर दबिश दी। जहां 12 युवतियां और पांच युवक मिले इन सभी को क्व्हस्र की धारा 170/ 126 में गिरफ्तार किया गया। इनमें से गिरफ्तार नो युवतियां थाईलैंड की है। सरदारपुरा थाने के थाना प्रभारी विश्राम मीणा ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देशन में एसीपी छवी शर्मा के नेतृत्व में टीम ने नौवीं रोड पर संचालित अवैध स्पा सेंटर वन मोर पर अवैध गतिविधियों की सूचना पर दबिश दी।

## मां ने जिसे किडनैपर बताया, इन्फ्लूएंसर ने उसी से की शादी

- अपहरण की खबरों के बीच जोधपुर से वीडियो आया

जनमार्ग न्यूज

**बीकानेर।** राजस्थान की पॉपुलर सोशल मीडिया एक्ट्रेस-कॉमेडियन जाह्नवी मोदी (25) के किडनैप मामले में नया मोड़ आ गया है। एक्ट्रेस की मां ने जिस युवक तरुण सिकलीगर पर किडनैप का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज करवाई थी, जाह्नवी ने उसी युवक से जोधपुर में शादी कर ली है। एक-दूसरे को माला पहनाने का वीडियो भी सामने आया है। इसमें जाह्नवी की मांग में सिंदूर भरा दिख रहा है। सोशल मीडिया एक्ट्रेस-




कॉमेडियन जाह्नवी मोदी की मां ने बेटी के किडनैप का मामला दर्ज कराया था। एक्ट्रेस की मां ने आरोप लगाया कि बाजार से 2 नकाबपोश युवक उनकी बेटी को उठाकर ले गए। घटना बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ के बाजार की है। जाह्नवी मोदी मारवाड़ी लैंग्वेज में बनने वाली शॉर्ट मूवीज का हिस्सा रहीं हैं। उनकी मूवी कंटेंट एक यूट्यूब चैनल पर अधिक दिखाई देता है और वे अक्सर बहू का रोल प्ले करती हैं। जाह्नवी बीकानेर के श्रीडूंगरगढ़ में मोमासर बास मोहल्ले की रहने वाली हैं। जाह्नवी के इंस्टाग्राम आईडी पर 23 हजार से ज्यादा फॉलोवर हैं। जिस यूट्यूब चैनल के शो में वो काम करती हैं, उसके सब्सक्राइबर की संख्या लाखों में हैं।

## राजीव मिढ्ढा को एसिस्टेंट कमिश्नर का चार्ज

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** मुख्य आयुक्त राज्य कर विभाग जयपुर द्वारा आदेश जारी करत श्रीगंगानगर वाणिज्यिक कर विभाग में कार्यरत राजीव मिढ्ढा को एसिस्टेंट कमिश्नर रायसिंहनगर के पद का अतिरिक्त चार्ज दिया गया है। विभाग में स्थानांतरण प्रक्रिया में सहायक आयुक्त रायसिंहनगर का पद रिक्त हो गया था। मुख्य आयुक्त द्वारा सभी रिक्त पदों को भरते हुए मिढ्ढा को अपने कार्य के अतिरिक्त सहायक आयुक्त रायसिंहनगर का अतिरिक्त चार्ज दिया गया। मिढ्ढा ने विभाग में कर्तव्य निष्ठा के साथ बेहतरीन कार्य तथा समाज हित में भी अच्छे कार्य किये हैं। सहायक आयुक्त का चार्ज मिलने पर संभाग के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं क्षेत्र के व्यवहारियों द्वारा बधाई दी गई तथा शुभकामनाएं दी हैं।

## कोटा में दो स्टूडेंट ने की आत्महत्या

जनमार्ग न्यूज

**कोटा।** कोटा में एक और कोचिंग स्टूडेंट ने आत्महत्या कर ली। मृतक पराग असम के नागोन शहर का रहने वाला था। कोटा के जवाहर नगर थाना क्षेत्र के महावीर नगर इलाके में एक हॉस्टल में रहकर पराग अपनी परीक्षाओं की पढ़ाई कर रहा था। बुधवार को जब छात्र पराग के कमरे में कोई हलचल नहीं हुई तो वार्डन ने शक के आधार पर उसका कमरा खुलवाया । सभी दंग रह गए। छात्र पराग कमरे में फंदे से लटका हुआ मिला। सूचना मिलने पर जवाहर नगर थाना पुलिस ने छात्र को फंदे से नीचे उतारा और निजी अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कोटा में कोचिंग स्टूडेंट सुसाइड का आज एक ही दिन में यह दूसरा मामला है। इससे पहले, गुजरात की रहने वाली अफ्शा शेख ने भी आत्महत्या कर ली।

## हाईकोर्ट ने साइबर ठगी रोकने के लिए मांगा एक्शन प्लान

- डिजिटल अरेस्ट के मामलों पर केंद्र और राज्य सरकार को नोटिस जारी

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों को देखते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने स्वप्रेरित प्रसंज्ञान लेते हुए सरकार से जवाब मांगा है। जस्टिस अनूप कुमार की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि मौजूदा खतरनाक स्थिति को देखते हुए गंभीर कदम उठाने की जरूरत है। साइबर क्राइम की स्थिति गंभीर हो चुकी है। हाईकोर्ट ने बढ़ते डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी के मामलों पर केंद्रीय गृह मंत्रालय, नेशनल साइबर सेल, फोरेंसिक लेबोरेटरी, मुख्य सचिव और डीजीपी सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से डिजिटल अरेस्ट सहित साइबर ठगी और साइबर क्राइम के मामले में उठाए गए कदमों के बारे में जानकारी मांगी है। इसके लिए स्टेटस रिपोर्ट पेश करने को कहा है। हाईकोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट और साइबर क्राइम के बढ़ते मामलों को लेकर सरकार से साइबर ठगी के मामलों में अब तक की गई कार्रवाई और भविष्य के एक्शन प्लान के बारे में रिपोर्ट तलब की है। इस रिपोर्ट में भविष्य के एक्शन



प्लान पर रिपोर्ट देनी होगी। साथ ही साइबर क्राइम को रोकने का रोड मैप देना होगा। प्रदेश में साइबर थानों में दर्ज होने वाले मामलों से लेकर इन मामलों में पीड़ितों को वापस मिलने वाली ठगी की रकम के अनुपात के आंकड़े भी रिपोर्ट में शामिल करने होंगे। प्रदेश में पिछले कुछ महीनों से डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो गई है। साइबर ठग रोज नए-नए तरीकों से लोगों के खातों से पैसा निकाल रहे हैं। कई सरकारी कर्मचारी, बड़े बिजनेसमैन और महिलाएं भी डिजिटल अरेस्ट और साइबर ठगी के शिकार हो चुकी हैं। हर रोज राजधानी जयपुर से लेकर हर जिले में साइबर तो की वारदातों को लेकर बड़ी संख्या में पीड़ित सामने आते हैं। बता दें कि राजस्थान में जनवरी 2024 में झुंझुनूं की बिट्स पिलानी की महिला प्रोफेसर को 4 महीने डिजिटल अरेस्ट कर 7.67 करोड़ रुपए ठग लिए गए थे।

## अबोहर में शेर दिखने का दावा

**अबोहर ( जनमार्ग न्यूज )।** पंजाब के अबोहर में किन्नू के बाग में शेर दिखने की खबर से सनसनी फैल गई। मंगलवार सुबह करीब 9 बजे खेत में काम कर रहे मजदूर सोहन सिंह ने शेर देखने का दावा किया, जिससे पूरे गांव में दहशत का माहौल बन गया। घटना गांव खांटवा की है। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम के अधिकारी मनजीत सिंह और कुलवंत सिंह ने अपने दल के साथ पूरे बाग की गहन छानबीन की। जांच में पाया गया कि बाग में मिले पंजों के निशान शेर के नहीं, बल्कि किसी बड़े कुत्ते या अन्य जानवर के हैं।

## बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय की 5 परीक्षाओं के परिणाम घोषित

जनमार्ग न्यूज




**बीकानेर।** बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा 5 परीक्षाओ के परीक्षा परिणाम परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश जोशी द्वारा घोषित किए गए। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया की जारी किए घोषित 5 परीक्षा परिणामों के अन्तर्गत बी.टेक. छटे सेमेस्टर मैंन/बैक (ओल्ड एंड न्यू स्कीम) परीक्षा जून-2024, बीआर्क चतुर्थ सेमेस्टर बैक परीक्षा जून-2024, एमसीए तृतीय सेमेस्टर मैंन/बैक पुनर्मूल्यांकन परीक्षा दिसंबर-2022, एम.टेक. चतुर्थ सेमेस्टर मुख्य परीक्षा जून-2023 के परिणाम घोषित किए गए हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति की मंशानुरूप विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा प्रणाली की सशक्तिकरण की दिशा में कार्य करते हुए प्रदेश में बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय में डिजिटल मूल्यांकन व्यवस्था को लागू किया गया हैं। घोषित परिणाम की विस्तृत जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर अजय कुमार शर्मा ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान की और उनकी उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की।

अपने आसपास की ताजा घटनाओं एवं दुर्घटनाओं की जानकारी व फोटो मो. 94140-87692, 77421-86692, 93526-86083 पर देवें। E-mail: Morningjanmarg@gmail.com

# सम्पादकीय

## समझौते को किया अमान्य

**अमेरिकी** राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रंप ने एक नए जोश के साथ अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत कर दी है। अपने शपथ ग्रहण अभिभाषण में उन्होंने भरोसा दिलाया कि अब अमेरिका स्वर्णकाल में वापसी करने जा रहा है। हालांकि वे चुनाव प्रचार के दौरान भी बार-बार दोहराते रहे कि सत्ता में आने के बाद वे 'अमेरिका प्रथम' की नीति पर काम करेंगे। सत्ता की कमान संभालते ही उन्होंने इस पर अमल भी शुरू कर दिया। शपथ ग्रहण के तुरंत बाद उन्होंने घुसपैठ रोकने के लिए सीमा पर आपातकाल लगा दिया। विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका को अलग कर दिया। पेरिस जलवायु समझौते को अमान्य कर दिया। ब्रिक्स देशों को चेताया है कि अगर उनमें से कोई भी अमेरिकी नीतियों के विरुद्ध चलने का प्रयास करेगा, तो उसे उसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे। आव्रजन संबंधी नियम-कायदों को वे सख्त बनाना चाहते हैं। अमेरिका में निर्यात करने वाले कई देशों पर उन्होंने भारी शुल्क की घोषणा कर दी है और अन्य देशों पर भी वे ऐसा ही कदम उठाने वाले हैं। उन्होंने धड़ाधड़ प्रशासनिक फेर-बदल शुरू कर दिया है। इस तरह दुनिया के तमाम देशों की नजर इस बात पर टिकी है कि ट्रंप प्रशासन उनके साथ कैसा व्यवहार करता है। डोनाल्ड ट्रंप अपने पहले कार्यकाल में भी अमेरिका केंद्रित नीतियों के पक्षधर थे। उस दौरान उन्होंने वाणिज्य-व्यापार और आव्रजन संबंधी नीतियों को सख्त बनाने के प्रयास किए थे। हालांकि दबाव में आकर उन्हें एच-वन बी वीजा पर रोक संबंधी फैसले को वापस लेना पड़ा था। इस बार भी कार्यभार संभालने से पहले ही इस वीजा को समाप्त करने की घोषणा कर दी थी, मगर एलन मस्क के दबाव में उन्होंने इसे ज्यादा तूल नहीं दिया। हालांकि वे घोषणा कर चुके हैं कि आव्रजन और नागरिकता नियमों को सख्त बनाया जाएगा। जाहिर है, इससे बहुत सारे लोगों को अमेरिका छोड़ कर अपने देश लौटना पड़ेगा। इसकी आशंका वहां बसे भारतीय मूल के लोगों को अधिक सता रही है। हालांकि ट्रंप ने अभी तक भारत को लेकर कोई कठोर कदम उठाने की बात नहीं कही है।

# नीतियों और प्रभावों का नया अध्याय

> डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल का प्रमुख बिंदु अमेरिकी ऊर्जा उत्पादन पर जोर देना है। उन्होंने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक बताते हुए अलास्का और अन्य ऊर्जा-संपन्न क्षेत्रों में ऊर्जा विकास की गति तेज करने की घोषणा की है। इस नीति का उद्देश्य अमेरिका को न केवल ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करना है। यह नीति घरेलू अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन के लिए फायदेमंद हो सकती है। ऊर्जा निर्यात से अमेरिकी डॉलर को मजबूती मिलेगी, लेकिन पर्यावरणीय दृष्टिकोण से यह निर्णय गहरी चिंता उत्पन्न करता है।

डोनाल्ड ट्रम्प की अमेरिकी राजनीति में वापसी न केवल अमेरिका बल्कि पूरे विश्व के लिए एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है। उनके पहले कार्यकाल ने अमेरिकी राजनीति, अर्थव्यवस्था और वैश्विक कूटनीति में गहरी छाप छोड़ी थी। 'अमेरिका फर्स्ट' के उनके नारे ने राष्ट्रीय आत्मनिर्भरता और संरक्षणवादी नीतियों को बढ़ावा दिया, लेकिन इसके साथ-साथ कई विवाद और विरोध भी जन्म लिए। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत उनके पहले कार्यकाल के विस्तार जैसी प्रतीत होती है, जिसमें उन्होंने ऊर्जा, प्रवास, सीमा सुरक्षा, सामाजिक संरचना, और अंतरराष्ट्रीय व्यापार से संबंधित कठोर और विवादास्पद निर्णय लिए हैं। डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल का प्रमुख बिंदु अमेरिकी ऊर्जा उत्पादन पर जोर देना है। उन्होंने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए आवश्यक बताते हुए अलास्का और अन्य ऊर्जा-संपन्न क्षेत्रों में ऊर्जा विकास की गति तेज करने की घोषणा की है। इस नीति का उद्देश्य अमेरिका को न केवल ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाना है बल्कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करना है।

यह नीति घरेलू अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन के लिए फायदेमंद हो सकती है। ऊर्जा निर्यात से अमेरिकी डॉलर को मजबूती मिलेगी। लेकिन पर्यावरणीय दृष्टिकोण से यह निर्णय गहरी चिंता उत्पन्न करता है। ऊर्जा उत्पादन बढ़ने से कार्बन उत्सर्जन में वृद्धि होगी, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ वैश्विक प्रयासों को कमजोर करेगा। ट्रम्प का यह कदम पेरिस जलवायु समझौते से अमेरिका को बाहर करने के उनके पहले कार्यकाल के फैसले के अनुरूप है। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में प्रवासी नीतियां उनके पहले कार्यकाल की तुलना में और अधिक कठोर हो गई हैं। उन्होंने सी.बी.पी. वन कार्यक्रम को समाप्त कर दिया है, जो प्रवासियों को अमेरिका में प्रवेश के लिए अपॉइंटमेंट लेने की सुविधा प्रदान करता था। इसके अलावा, उन्होंने मैक्सिको सीमा पर दीवार निर्माण को तेज करने और वहां सेना तैनात करने की घोषणा की है। यह नीतियां सुरक्षा प्राथमिकताओं को उजागर करती हैं, क्योंकि ट्रम्प के अनुसार, अवैध प्रवासी अमेरिकी संसाधनों पर दबाव डालते हैं और अपराध दर में वृद्धि करते हैं।

हालांकि, इस नीति का मानवीय पक्ष आलोचनात्मक बना हुआ है। पिछले कार्यकाल में 'फैमिली से परेशन पॉलिसी' के तहत बच्चों को उनके परिवारों से अलग करना अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों के विरोध का कारण बना था। ट्रम्प ने ट्रांसजेंडर नीतियों को समाप्त कर केवल पुरुष और महिला दो लिंगों को मान्यता देने की घोषणा की है। यह निर्णय उनके रूढ़िवादी दृष्टिकोण और पारंपरिक विचारधारा को दर्शाता है। ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को समाज में स्वीकृति और अधिकार देने के प्रयासों को यह निर्णय कमजोर करता है। ग्रीन न्यू डील और इलेक्ट्रिक वाहनों की अनिवार्यता को रद करना ट्रम्प की पर्यावरणीय नीतियों में बदलाव को स्पष्ट करता है। उनका कहना है कि यह कदम अमेरिकी ऑटोमोबाइल उद्योग को बचाने के लिए आवश्यक है।

हालांकि, यह निर्णय पर्यावरणीय संकट को और बढ़ावा दे सकता है। इलेक्ट्रिक वाहनों और हरित ऊर्जा को प्रोत्साहन देना जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम



करने के लिए जरूरी है। ट्रम्प की यह नीति अमेरिका को हरित ऊर्जा क्रांति में पीछे धकेल सकती है। ड्रग माफियाओं को विदेशी आतंकवादी घोषित करने और विदेशी शत्रु अधिनियम 1978 लागू करने का निर्णय ट्रम्प प्रशासन की मादक पदार्थों के खिलाफ सख्ती को दर्शाता है। यह कदम अमेरिका में संगठित अपराध और मादक पदार्थों के बढ़ते उपयोग को नियंत्रित करने का प्रयास है। हालांकि, इस नीति की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि इसे कितनी प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है। ट्रम्प ने पनामा नहर को वापस लेने और मैक्सिको की खाड़ी का नाम बदलकर 'अमेरिका की खाड़ी' रखने का प्रस्ताव रखा है। यह कदम उनकी राष्ट्रवादी सोच और अंतरराष्ट्रीय कूटनीति पर उनके आक्रामक दृष्टिकोण को उजागर करता है। हालांकि, व्यावहारिक दृष्टिकोण से इन प्रस्तावों का क्रियान्वयन कठिन हो सकता है। ट्रम्प की अंतरराष्ट्रीय व्यापार नीति उनके 'अमेरिका फर्स्ट' दृष्टिकोण के साथ मेल खाती है।

उन्होंने बाहरी देशों पर टैरिफ और कर लगाने की बात कही है, ताकि अमेरिकी नागरिकों पर कर का बोझ कम किया जा सके। हालांकि, यह नीति वैश्विक व्यापारिक संबंधों को प्रभावित कर सकती है। उच्च टैरिफ से अमेरिकी उपभोक्ताओं को अधिक कीमतें चुकानी पड़ सकती हैं और वैश्विक व्यापार में अस्थिरता बढ़ सकती है। डोनाल्ड ट्रम्प का दोबारा राष्ट्रपति बनना भारतीय राजनीति और विदेश नीति पर कई स्तरों पर प्रभाव डाल सकता है। भारत और अमेरिका के संबंध ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में व्यापार, रक्षा और रणनीतिक सहयोग के क्षेत्रों में मजबूत हुए थे। लेकिन उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति ने कुछ क्षेत्रों में तनाव भी पैदा किया था। ट्रम्प ने हमेशा अमेरिकी हितों को प्राथमिकता दी है, जो भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों को चुनौतीपूर्ण बना सकता है। उनके कार्यकाल में भारत पर आयातित वस्तुओं, खासकर स्टील और एल्युमिनियम पर, ऊंचे टैरिफ लगाए गए थे। अगर ट्रम्प फिर से व्यापार युद्ध जैसी नीति अपनाते हैं, तो यह भारत की निर्यात क्षमता को प्रभावित कर सकता है। भारत-अमेरिका रक्षा संबंध ट्रम्प के पिछले कार्यकाल में मजबूत हुए थे, विशेष रूप से भारत को उन्नत सैन्य उपकरणों की आपूर्ति के मामले में। चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए अमेरिका ने भारत के साथ रणनीतिक साझेदारी को बढ़ावा दिया था। ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल में यह सहयोग और बढ़ सकता है, जिससे भारत को क्षेत्रीय सुरक्षा में मदद मिलेगी। ट्रम्प का सख्त प्रवास नीति का रुख भारतीयों के लिए चुनौतियां बढ़ा सकता है। एच-1बी वीजा पर उनकी पहले की नीतियों ने भारतीय पेशेवरों को प्रभावित किया था। उनका पुनः राष्ट्रपति बनना इस नीति को और कठोर बना सकता है। ट्रम्प का चीन विरोधी रुख भारत के लिए कूटनीतिक अवसर ला सकता है।

भारत-अमेरिका संबंध मजबूत होने से क्षेत्रीय भू-राजनीतिक संतुलन भारत के पक्ष में झुक सकता है। हालांकि, ट्रम्प की अनिश्चित नीतियां भारत के लिए चुनौतियां भी पेश कर सकती हैं। डोनाल्ड ट्रम्प का दूसरा कार्यकाल उनके पहले कार्यकाल की तरह नीतिगत कठोरता और विवादों से भरा हुआ प्रतीत होता है। उनके निर्णय अमेरिका को आंतरिक रूप से मजबूत बना सकते हैं, लेकिन ये सामाजिक समानता, पर्यावरण संरक्षण, और वैश्विक सहयोग के लिए चुनौतियां खड़ी करेंगे। उनके नेतृत्व में अमेरिका का 'अलगाववादी रुख' विश्व स्तर पर उथल-पुथल मचा सकता है। भारत और अन्य देशों के लिए ट्रम्प का नेतृत्व अवसर और चुनौतियों दोनों को प्रस्तुत करेगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि ट्रम्प के इन फैसलों का दीर्घकालिक प्रभाव अमेरिका और विश्व राजनीति पर क्या पड़ता है।

## रेवड़ियों पर केंद्रित हो रहा दिल्ली विस चुनाव

देश की राजधानी दिल्ली में चुनावी घमासान के बीच रेवड़ी बांटने की प्रतिस्पर्धा सी चलती दिखाई दे रही है। ऐसा लगता है कि अब दिल्ली राज्य की सत्ता तक पहुंचने का मार्ग केवल रेवड़ी ही है। दिल्ली राज्य के लिए होने वाले चुनाव में सभी राजनीतिक दल लोक लुभावन तरीके से अपने पिटारे से रेवड़ी बांटने की योजना जनता के बीच बता रहे हैं। इसके लिए आम आदमी पार्टी तो पहले से ही अपने पिटारे को खोलकर बैठी है। अब इसमें कांग्रेस और भाजपा भी अपने कदम उसी ओर बढ़ाने को प्रवृत हुई है, जिस ओर आम आदमी पार्टी जाती रही है। लेकिन एक तथ्य ध्यान देने योग्य माना जा सकता है कि आम आदमी पार्टी के पास कुछ भी नया नहीं है, क्योंकि वह पिछले चार विधानसभा चुनावों से इस राह पर चल रही है। मुफ्त में देने के वादे करना एक प्रकार से आम आदमी पार्टी की फितरत ही बन गई है। इससे अलग अपेक्षा भी नहीं की जा सकती, क्योंकि यह मार्ग उसके लिए लाभकारी साबित रहा है। इसलिए आप के नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को यह पूरा विश्वास है कि इस बार भी बाजी उन्हीं के हाथ लगेगी। दिल्ली राज्य के लिए हो रहे चुनाव प्रचार में राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर से जो स्वर मुखरित हो रहे हैं, उन स्वरों में केवल रेवड़ी की ध्वनि ही गुंजायमान हो रही है। ऐसा लगता है कि अब दिल्ली की जनता रेवड़ी लूटने की आदी हो चुकी है। इसका राजनीतिक आशय यह भी निकाला जा सकता है कि अपना नायक चुनने के लिए किसकी रेवड़ी स्वार्थ की पूर्ति करने वाली है, यह ही देखा जाएगा। इस कवायद को लालच देकर वोट प्राप्त करने का एक माध्यम भी माना जा सकता है, क्योंकि जनता को मुफ्त में खजाना लुटाना किसी भी प्रकार से न्याय संगत नहीं माना जा सकता। इसका बोझ उस समाज पर आता है, जो योजना का लाभ लेने के पात्र नहीं होते। हालांकि सरकार द्वारा आम जनता का ध्यान रखना चाहिए, लेकिन इसके लिए मुफ्त की योजना के अलावा अन्य तरीके अपनाए जाएं तो बेहतर होगा। नहीं तो एक दिन ऐसा भी आ सकता है कि यही योजनाएं विकास की योजनाएं न होकर विनाशकारी मार्ग तैयार कर सकती हैं। दिल्ली में एक दशक पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच ही चुनावी लड़ाई होती रही थी, लेकिन कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के विरोध में एक धूमकेतु की तरह अरविन्द केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी का गठन कर दिया और लोक लुभावने वादे करके आम जनता का छप्पर फाड़ समर्थन प्राप्त करके दिल्ली के सिंहासन को अपने कब्जे में ले लिया। इस चुनाव में बहुकोणीय मुकाबला होने की झलक दिखाई दे रही है। आम आदमी पार्टी ने अपने आपको फिर से मैदान में उतारा है, लेकिन उसकी सबसे बड़ी परेशानी यह है कि उसके नेता अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार करने का आरोप है। एक समय सुविधाओं को त्याग कर राजनीति करने की कसम खाने वाले केजरीवाल की जीवनशैली सुविधामय होती दिखाई दे रही है। शीशमहल के नाम से भाजपा द्वारा प्रचारित किए गए उनके आवास में लग्जरी सुविधाएं हैं। जो उनके कथन से कतई सरोकार नहीं रखती। ऐसे में यह कहना तर्कसंगत ही होगा कि इस बार केजरीवाल की राह उतनी आसान नहीं कही जा सकती, जो पहले थी। दूसरी बड़ी बात यह भी है कि इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी के समक्ष गंभीर चुनौतियां भी हैं। केजरीवाल जमानत पर बाहर हैं। वे दोष मुक्त नहीं हुए। उनका मुख्यमंत्री कार्यालय जाने पर प्रतिबन्ध उसी समय लगा दिया, जब वे मुख्यमंत्री थे। ऐसी स्थिति में केजरीवाल फिर से दिल्ली के मुख्यमंत्री बनेंगे, इसकी गुंजाइश भी नहीं है। इस बार के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के अलावा बहुजन समाज पार्टी और औवेसी की पार्टी भी मैदान में है। यह दोनों राजनीतिक दल जितने प्रभावी होंगे, उसका खामियाजा आप आदमी पार्टी को ही भुगतना होगा। खैर, मूल विषय रेवड़ी का है। मुफ्त की रेवड़ी बांटना निश्चित ही इस बात की ओर संकेत करता है कि आज राजनीतिक दलों ने आम जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खोई है, इसीलिए चुनाव जीतने के लिए जनता को प्रलोभन देकर वोट कब्जाने की राजनीति की जा रही है। फिलहाल यही समझा जा रहा है कि मुख्य मुकाबला भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच है। प्रचार के लिए भाजपा के पास नेताओं की भारी भरकम फ्रौज है तो आम आदमी पार्टी के पास केवल केजरीवाल ही हैं। चुनावी प्रचार के माध्यम से भाजपा अपनी बात को नीचे तक पहुंचाने का प्रयास करेगी। कुल मिलाकर अब देखना यह है कि क्या इस बार भी रेवड़ी के सहारे ही दिल्ली की सरकार बनेगी।

## मन को स्थिर रखना ही है जीवन का सूत्र

काम, क्रोध, लोभ और मोह की स्वाभाविक वृत्तियों से घिरा हुआ मनुष्य जब अपनी असत दृष्टि से इनमें आनंद का अनुभव करने लगता है, तो उसे यह संसार खुशनुमा लगने लगता है। काम अर्थात इच्छा। जब भी किसी व्यक्ति के मन में उठी इच्छा की पूर्ति होती है, तो वह परम आनंद को प्राप्त होता है, पर वह यह भूल जाता है कि उसकी यह इच्छापूर्ति उसी तरह से उसके मन में एक और इच्छा जागृत करके उसके चित्त को अव्यवस्थित कर देगी, जिस तरह से जलती हुई अग्नि पूरी मात्र में घी पाने पर भी बुझती नहीं है, अपितु और वेग से जलने लगती है। इसी भांति से यदि अन्य किसी व्यक्ति के साथ विचार भिन्नता होती है तो वे दोनों ही पक्ष एक-दूसरे की हानि करने के लिए तत्पर हो जाते हैं और अपने चित्त की सहज शांति खो बैठते हैं। इस स्थिति में जिसकी हानि होती है वह तो दुखी होता ही है, जो लाभ में रहता है वह भी हारे हुए पक्ष की ओर से आने वाली संभावित प्रतिक्रिया से हर दम चिंता में डूबा रहता है। और इस तरह से क्रोध भी व्यक्तियों को पीड़ित करने का कारण ही बनता है। वहीं लोभ और मोह की असीमित शक्ति का तो यह हाल है कि हम अपना पूरा का पूरा जीवन इसमें लगा देते हैं कि हमारे पास इतनी अथाह संपत्ति हो, जिसकी बराबरी धरती का कोई भी दूसरा व्यक्ति कभी न कर सके और हमारी अपनी संतान भी ऐसी हो, जिसकी सुंदरता और बुद्धिमत्ता का कोई मुकाबला न हो सके। रावण से लेकर कंस आदि के उदाहरण हमारे सामने हैं, जो अपने जीवन में अपनी ऐसी ही मानसिक विकृतियों से कभी भी पार नहीं पा सके।

## क्या भोग लगाना पाखंड है?

एक बार सन 1989 में मैंने सुबह टीवी खोला तो जगत गुरु शंकराचार्य कांची कामकोटि जी से प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम चल रहा था। एक व्यक्ति ने प्रश्न किया कि हम भगवान को भोग क्यों लगाते हैं। जगद्गुरु शंकराचार्य जी ने कहा यह समझने की बात है कि जब हम प्रभु को भोग लगाते हैं तो वह उसमें से क्या ग्रहण करते हैं। मान लीजिए कि आप लड्डू लेकर भगवान को भोग चढ़ाने मंदिर जा रहे हैं और रास्ते में आपका जानने वाला कोई मिलता है और पूछता है यह क्या है तब आप उसे बताते हैं कि यह लड्डू है। फिर वह पूछता है कि किसका है? तब आप कहते हैं कि यह मेरा है। फिर जब आप वही मिष्ठान्न प्रभु के श्री चरणों में रख कर उन्हें समर्पित कर देते हैं और उसे लेकर घर को चलते हैं तब फिर आपको जानने वाला कोई दूसरा मिलता है और वह पूछता है कि यह क्या है ? तब आप कहते हैं कि यह प्रसाद है फिर वह पूछता है कि किसका है तब आप कहते हैं कि यह हनुमान जी का है। अब समझने वाली बात यह है कि लड्डू वही है। उसके रंग रूप स्वाद परिमाण में कोई अंतर नहीं पड़ता है तो प्रभु ने उसमें से क्या ग्रहण किया कि उसका नाम बदल गया। वास्तव में प्रभु ने मनुष्य के मम-कार को हर लिया। यह मेरा है का जो भाव था, अहंकार था प्रभु के चरणों में समर्पित करते ही उसका हरण हो गया। प्रभु को भोग लगाने से मनुष्य विनीत स्वभाव का बनता है शीलवान होता है। अहंकार रहित स्वच्छ और निर्मल चित्त मन का बनता है। इसलिए इसे पाखंड नहीं कहा जा सकता है।

# सेकेंड-हैंड कार खरीदने में ठगे गए लोग

उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ में पुलिस ने एक ऐसे गिरोह को पकड़ा है, जो फेसबुक पर कार बिक्री के फर्जी विज्ञापनों के जरिए लोगों को ठगता था। इसके लिए गिरोह ने कई फेसबुक आईडी बना रखी थीं। इस गिरोह ने देश भर से पुरानी कार ब्रिकी के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपए ठगे हैं। सोशल मीडिया पर आपने भी इस तरह के विज्ञापन खूब देखे होंगे, जो भारी डिस्काउंट या गिफ्ट के लुभावने ऑफर देते हैं। ऑर्डर करने के बाद गलत प्रोडक्ट की डिलीवरी करते हैं या फिर खराब क्वालिटी का प्रोडक्ट पकड़ा देते हैं। इस तरह के फेक विज्ञापनों से सतर्क और सावधान रहने की जरूरत है। आज के दौर में फेसबुक, इंस्टाग्राम और ट्विटर जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के करोड़ों यूजर्स हैं। यही वजह है कि यह एक बड़ा ऑनलाइन बाजार बन चुका है। बड़ी कंपनियों से लेकर छोटे स्टार्टअप तक हर कोई अपने ब्रांड के प्रमोशन या अपने सामान को बेचने के लिए इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर रहा है। सोशल मीडिया पर पोस्टर, बैनर या वीडियो बनाकर आप अपने प्रोडक्ट्स का विज्ञापन कर सकते हैं। इसमें कोई खर्च भी नहीं आता है। हालांकि प्रोडक्ट को ज्यादा-से-ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए एडवर्टाइजमेंट कंपनी या मार्केटिंग एजेंसी की मदद भी ले सकते हैं। इसके लिए आपको पैसे खर्च करने पड़ेंगे। फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया एप्स पर पेज या प्रोफाइल बनाना आसान है। यही वजह है कि ठग पहले फेक पेज या प्रोफाइल बनाते हैं। इसके बाद सस्ते दामों या भारी डिस्काउंट में प्रोडक्ट बेचने के लुभावने ऑफर्स के विज्ञापन निकालते हैं। यह विज्ञापन कपड़े, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, इलेक्ट्रिक गैजेट्स, पुरानी बाइक या कार किसी भी चीज के हो सकते हैं। जब कोई इन विज्ञापनों पर दिए नंबर पर संपर्क करता है तो ठग बुकिंग के नाम पर एडवांस में पैसा ट्रांसफर करा लेते हैं। इसके बाद डिलीवरी नहीं देते हैं। इस तरह लोग इस स्कैम का शिकार हो जाते हैं। सोशल मीडिया विज्ञापनों के जरिए ठगी की घटनाएं बढ़ रही हैं। इसलिए ऑनलाइन विज्ञापन असली है या नकली, यह पहचानना जरूरी है। अक्सर स्कैमर्स पैसे ठगने या निजी जानकारी चुराने के उद्देश्य से फेक पेज बनाते हैं। इसलिए सोशल मीडिया पेज से कोई सामान खरीदने से पहले उसकी विश्वसनीयता चेक करें। फेक सोशल मीडिया विज्ञापनों की पहचान करना आसान है। हर कोई सफर को सुविधाजनक बनाने के लिए बाइक या कार से चलना पसंद करता है। हालांकि हर किसी की पॉकेट नया वाहन खरीदने की इजाजत नहीं देती है। ऐसे में लोग पुरानी बाइक या कार की तरफ रूख करते हैं, लेकिन कई बार जल्दबाजी में पुरानी कार




खरीदने से फ्रॉड का शिकार हो जाते हैं। इसलिए कार खरीदने से पहले उसका रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी), इंश्योरेंस जैसे जरूरी पेपर देखें। एप पर जाकर वाहन मालिक का नाम, इंजन नंबर जैसी अन्य डिटेल्स वेरिफाई करें। अगर गाड़ी के वैलिड पेपर नहीं हैं तो गाड़ी न खरीदें। सोशल मीडिया के भ्रामक विज्ञापन प्रोडक्ट या सर्विस के बारे में गलत जानकारी देकर लोगों को गुमराह करते हैं। इसलिए कोई भी नया या पुराना सामान ऑनलाइन खरीदने से पहले उस पेज या वेबसाइट की विश्वसनीयता चेक करें। ऑफर या डिस्काउंट के लालच में आकर जल्दबाजी में निर्णय न लें। इसके अलावा कुछ अन्य टिप्स आपको इंटरनेट के भ्रामक विज्ञापनों से बचा सकते हैं। भारत में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 के तहत ग्राहकों को कुछ अधिकार दिए गए हैं। इनके मुताबिक, अगर कोई सामान खराब निकलता है तो ग्राहक को उसे बदलने का पूरा अधिकार है। इसके अलावा उसे सामान के पैसे वापस पाने का अधिकार है। अगर कोई कंपनी इन नियमों का उल्लंघन करती है तो उसके खिलाफ शिकायत की जा सकती है। इसके लिए राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन के पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इसके अलावा नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन के मोबाइल एप पर भी अपनी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। साथ ही सेंट्रल कंज्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (सीसीपीए) किसी भी भ्रामक विज्ञापन के लिए मैन्युफैक्चरर्स, एडवर्टाइजर्स और ब्रांड एंबेसडर पर 10 लाख रुपए तक का जुर्माना लगा सकती है। साथ ही अथॉरिटी भ्रामक विज्ञापन के ब्रांड एंबेसडर पर 1 साल का बैन लगा सकती है। अगर आप पुरानी बाइक या कार खरीदना चाहते हैं तो सही प्रक्रिया अपनाना जरूरी है ताकि आप धोखाधड़ी से बच सकें। इसके लिए कुछ बातों का ध्यान रखें।

जनमार्ग सिटी न्यूज
श्रीगंगानगर, गुरुवार, 23 जनवरी 2025
JANMARG news जनमार्ग



# आरक्षण मंच ने बहुजन समाज की अधिकारी बेटियों का किया स्वागत





**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** जिले में स्थांतरित होकर आई बहुजन समाज की अधिकारी बेटियों का आरक्षण मंच ने किया स्वागत। इन सब की पोस्टिंग के लिए विधायक जयदीप बिहानी का जताया आभार। श्रीगंगानगर में भिन भिन स्थानों से स्थांतरित होकर आई बहुजन समाज की बेटियां का एससी एसटी ओबीसी आरक्षण मंच की ओर से स्वागत किया गया जिला हेड क्वाटर पर स्थांतरित होकर पहुंची महिला थाना प्रभारी ह्यद्धश श्रीमति सुमन जयपाल ,पुरानी आबादी थाना प्रभारी ह्यद्धश ज्योति नायक , व नगर परिषद में सफाई निरीक्षक श्री मति विधा नायक का आज आरक्षण मंच के जिला अध्यक्ष कालूराम मेघवाल के नेतृत्व में टीम की ओर से फूल मालाएं एवं बुक्के भेंट कर स्वागत किया स्वागत की कड़ी में मंच की ओर से इन सब अधिकारों का स्वागत करते हुए गंगानगर में पदस्थापित करवाने के लिए स्थानीय विधायक जयदीप बिहानी और राज्य सरकार के मुखिया भजन लाल शर्मा का धन्यवाद आभार व्यक्त किया गया इस मौके पर आरक्षण मंच के संयोजन टीकम चंद भाटिया दुलीचंद तूंदवाल जबर सिंह गौतम ऐड. श्याम कलोरिया ऐड रोहताश महेंद्रा ऐड सुख चेन सिंह धालीवाल ऐड पूरण मेघवाल ओम जी गुणपाल राजा राम मेहरड़ा एच पी सिंग जाटव खेत पाल बारूपाल जगदीश जयपाल राज महेंद्रा प्रमोद नायक सुभाष चंद मदन भाटिया मंच के जिला अध्यक्ष कालूराम मेघवाल सहित मंच के सदस्य मौजूद रहे।

# ट्रक की चपेट में आने से थर्मल महिला टेक्नीशियन गंभीर घायल

**जनमार्ग न्यूज**

**सूरतगढ़।** थर्मल पॉवर प्लांट से रायांवाली बाईपास पर महिला टेक्नीशियन ट्रक की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना लगभग 1:00 बजे की है महिला टेक्नीशियन जसवीर कौर उम्र 45 वर्ष किसी काम से किसी के साथ बाइक पर सवार होकर थर्मल से रांइयावाली की तरफ जा रही थी, बाईपास से पहले क्षतिग्रस्त सड़क की वजह से सामने से आ रहे दूसरे बाइक से टकराने की वजह से सड़क पर गिरते ही पीछे से आ रहे ट्रक की चपेट में आने से महिला टेक्नीशियन जसविंदर कौर के पैर के ऊपर से ट्रक निकालने के कारण




गंभीर घायल हो गई । थर्मल परियोजना के 400 केवी जीएसएस पर कार्यरत प्रसारण निगम की पीएलसी की महिला तकनीशियन जसविंदर कौर (45 वर्ष ) पत्नी कुलविंदर सिंह, मंगलवार दोपहर एक बजे के करीब बाइक किसी के साथ लिफ्ट लेकर जरूरी काम की वजह से रायांवाली की तरफ जा रही थी। दुर्घटना के समय मौके पर मौजूद राहगीरों ने नीजी वाहन की मदद से सूरतगढ़। के अपेक्स हॉस्पिटल पहुंचाया । अपेक्स हॉस्पिटल के निदेशक अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर विजय बेनीवाल ने बताया दुर्घटना में गंभीर घायल जसवीर कौर के दायां पैर घुटने के नीचे से बुरी तरह कुचला होने के कारण काटना पड़ा है। प्राथमिक उपचार के बाद परिजन गंगानगर उपचार के लिए ले गए।

# अर्जुन राजपाल, पवन पटोदिया व पवनजीत सिंह ऑल इण्डिया किसान कांग्रेस की तरफ से समन्वयक नियुक्त

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** ऑल इण्डिया किसान कांग्रेस मुख्यालय नई दिल्ली के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला के द्वारा दिल्ली विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत दिल्ली की सभी विधानसभा सीटों के लिए समन्वयक नियुक्त किए हैं । इसके अन्तर्गत श्रीगंगानगर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व सरपंच अर्जुन राजपाल, कांग्रेस नेता पवन



पटोदिया व ग्राम पंचायत कालियां के सरपंच पवनजीत सिंह को दिल्ली की कालका जी (महारानी बाग)विधानसभा से समन्वयक नियुक्त किया है। तीनों नेता दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं व दिल्ली में कांग्रेस पार्टी की मीटिंग में शिरक्त कर अपनी ड्यूटी पर उपस्थित हो जाएंगेंव कालका जी विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में प्रचार प्रसार करेंगे।

# झुल्लेलाल मन्दिर में भगवान श्रीराम दरबार की मूर्तियां प्रबंध समिति को दी

**जनमार्ग न्यूज**

**हनुमानगढ़।** श्रीश्याम मित्र मण्डल हनुमानगढ़ जंक्शन द्वारा हाउसिंग बोर्ड स्थित झुल्लेलाल मन्दिर में भगवान श्रीराम दरबार की मूर्तियों की प्रतिष्ठा के लिए प्रबंध समिति को सुपुर्द किया गया। मन्दिर का नवनिर्माण कार्य तेजी से पूरा किया गया है, जिसमें भगवान झुलेलाल, भगवान भोलेनाथ, राम दरबार, कृष्ण मुरारी और अन्य देवी-देवताओं की मूर्तियां स्थापित की जाएंगी। समिति अध्यक्ष सुन्दर अग्रवाल व अनिल सिंह राठौ? ने बताया कि मन्दिर प्रबंध



समिति द्वारा मन्दिर के नवनिर्माण के लिए सहयोग की अपील की गई थी, जिसके बाद मण्डल की बैठक में यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया कि अयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति की स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मन्दिर में राम दरबार की मूर्तियों की स्थापना की जाएगी। इस प्रस्ताव को लेकर मण्डल ने समिति की मांग को स्वीकार करते हुए मूर्तियों की व्यवस्था की और जल्द ही इन मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। मन्दिर में श्रीराम दरबार की मूर्तियों की स्थापना को लेकर स्थानीय श्रद्धालुओं और भक्तों में खुशी का माहौल है।

# भारत स्काउट गाइड की डायमंड जुबली जंबूरी के लिए लीडर्स रवाना




**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** भारत स्काउट एवं गाइड की 75 वर्ष वर्षगांठ के उपलक्ष्य में डायमंड जुबली जंबूरी का आयोजन 28 जनवरी से 3 फरवरी तक तिरुचिरापल्ली तमिलनाडु में किया जा रहा है। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एवं गाइड जिला श्रीगंगानगर से 2 लीडर्स गुरुदिता सिंह नेहरा और अंग्रेज सिंह का नेशनल स्टाफ टीम में चयन किया गया है।जो आज तमिल जंबूरी के लिए रवाना हुए । सी ओ स्काउट इंद्राज सुथार ने बताया कि यह एक स्पेशल जंबूरी है जिसमें भारत व अन्य देशों से स्काउट एवं गाइड भाग लेंगे। और इसी के साथ साथ श्रीगंगानगर से स्काउट गाइड के तीन ग्रुप भी जा रहे हैं। संगठन के अधिकारियों सी ओ गाइड मोनिका यादव,स्थानीय संघ अध्यक्ष एडवोकेट विनोद गोयल, स्थानीय संघ सचिव रामकुमार स्वामी, रोवर लीडर प्रेम गंभीर, मनोहर लाल आदि ने शुभकामनाएं के साथ लीडर्स को रवाना किया।

# अंबेडकर महाविद्यालय में साइबर सिक्योरिटी विषय पर कार्यशाला का आयोजन

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की चारों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में साइबर सिक्योरिटी विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र में सहायक पुलिस निरीक्षक कोतवाली पुलिस थाना श्री कृष्ण सिहाग ने मोटर वाहन अधिनियम 1989 की जानकारी दी। द्वितीय सत्र में मुख्य वक्ता वेद प्रकाश कोतवाली पुलिस थाना ने साइबर स्पेस एवं इसमें आजकल हो रहे अपराधों का विवेचन किया। विशेष रूप से आर्थिक विषयों को लेकर हो रही धोखाधड़ी एवं प्रयोग हो रहे तरीकों को लेकर उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया।उन्होंने फिशिंग, लाटरी, हेकिंग, स्कैम, क्यू आर कोड का दुरुपयोग, फेक रिक्वेस्ट के बारे में बताया। उन्होंने आगाह किया कि वीपीएन का प्रयोग न करें, मजबूत



पासवर्ड एवं सिक्योर साइट एवं एक का प्रयोग करें। तृतीय सत्र में मुख्य वक्ता श्री जितेन्द साइबर पुलिस थाना ने सोशल मीडिया संबंधी अपराध एवं उनसे बचाव की विस्तार से चर्चा की। लेकिन जागरूकता के साथ इस पर नियंत्रण पाया जा सकता है। साइबर ठगी में शामिल लोग तरह.तरह के हथकंडे अपनाकर लोगों के साथ ठगी करते हैं। जिनसे सावधान रहकर निपटा जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी अंजान व्यक्ति को ओटीपी आदि न बताया जाए। कॉलेज प्रिंसिपल प्रो डाण्बलवंत सिंह चौहान ने कहा कि आज के समय में युवा को इस तरह के अपराधों के प्रति जागरूक होना चाहिए। क्योंकि जानकारी होने पर कई तरह के नुकसान से बचा जा सकता है। कॉलेज में आयोजित यह व्याख्यान इस दिशा में बच्चों के लिए काफी लाभदायक साबित होगा। उन्होंने इसके आयोजन के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉण् सुशीला यादव, डॉण्भावना ग्रोवर, कोतवाली पुलिस थाना, साइबर पुलिस थाना को बधाई दी।

# करंट लगने से मजदूर की मौत


## 11 हजार केवी लाइन से टकराया पोल, बैनर-झंडे लगाने का करता था काम

**जनमार्ग न्यूज**

**सोहना।** हरियाणा के गुरुग्राम जिले के सोहना के हरी नगर के पास एक सोसाइटी में दर्दनाक हादसा सामने आया। मैक्स कंपनी में कार्यरत 35 वर्षीय मजदूर जितेंद्र की करंट लगने से मौत हो गई। जितेंद्र सोसाइटी में बैनर और झंडा लगाने का काम कर रहा था। हादसा उस समय हुआ, जब वह लोहे का पोल लेकर जा रहा था और यह पोल ऊपर से गुजर रही 11 हजार केवी की हाई टेंशन लाइन से टकरा गया। करंट लगने से जितेंद्र बुरी तरह झुलस गया और वहीं जमीन पर गिर पड़ा। आसपास काम कर रहे अन्य मजदूरों ने तुरंत उसे सोहना के नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# राज्य कर विभाग में कई अधिकारी पदोन्नत

## श्योराण स्पेशल कमिश्नर, अरोड़ा ज्वाइंट और नीतू सैन डिप्टी कमिश्नर





**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** राज्य कर विभाग में यहां के कई अधिकारी पदोन्नत हुए हैं। बलवंत सिंह श्योराण एडिशनल कमिश्नर (प्रशासन)से स्पेशल कमिश्नर पद पर पदोन्नत होने के बाद बीकानेर में अपीलीय अधिकारी के रूप में स्थानांतरित किए गए हैं। प्रदीप अरोड़ा डिप्टी कमिश्नर से ज्वाइंट कमिश्नर पदोन्नत होने के बाद श्रीगंगानगर सर्किल-सी में पदभार ग्रहण किया है। नीतू सैन असिसटेंट कमिश्नर से डिप्टी कमिश्नर पद पर पदोन्नत हुई हैं और श्रीगंगानगर में ही पूर्व के पद पर कार्यभार ग्रहण किया है।

# एससी कांग्रेस ने चहल चौक की शिलान्यास पट्टिका को यथावत रखने की मांग

**जनमार्ग न्यूज**

**श्रीगंगानगर।** जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग,



श्रीगंगानगर के जिलाध्यक्ष राजेश नागर तथा जिला कांग्रेस कमेटी संगठन महामंत्री श्यामलाल शेखावाटी के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने नगर परिषद प्रशासन से चहल चौक की शिलान्यास पट्टिका को यथावत रखने की मांग की है। इस मौके पर कांग्रेस नेता एडवोकेट अजय बोयत तथा प्रेम भाटिया भी मौजूद रहे। नगर परिषद आयुक्त के नाम का ज्ञापन नगर परिषद कार्यालय में सौंपते हुए जिला कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग, श्रीगंगानगर के जिलाध्यक्ष राजेश नागर तथा जिला कांग्रेस कमेटी संगठन महामंत्री श्यामलाल शेखावाटी ने कहा कि राजस्थान सरकार के तत्कालीन कैबिनेट मंत्री हीरालाल इंदौरा द्वारा चहल चौक का शिलान्यास किया गया था। चहल चौक शहर के मुख्य चौक में शामिल है तथा चहल चौक पर हीरालाल इंदौरा के नाम की शिलान्यास पट्टिका भी लगी हुई है। वर्तमान में चहल चौक पर पुनर्निर्माण कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य के दौरान शिलान्यास पट्टिका को क्षति पहुंचने की आशंका है। इसलिए चहल चौक पर दलित समाज के सम्मानित नेता हीरालाल इंदौरा के नाम की लगी शिलान्यास पट्टिका को सुरक्षित उतारकर, निर्माण कार्य पूर्ण होने पर पुन: यथावत लगाया जाए, ताकि जन भावनाओं का सम्मान हो सके।



# राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत विद्यार्थियों को जानकारी दी

**जनमार्ग न्यूज**

**चूनावढ़।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2025 के अंतर्गत स्कूल में सड़क सुरक्षा माह, नशा मुक्ति,साईबर ठग्गी व मादक पदार्थ एवं यातायात नियमों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। चूनावढ़ एसएचओ मलकीयत सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान स्कूल के विद्यार्थियों कक्षा 9 से 12 तक के छात्र एवं छात्रों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों जिसमें ट्रैफिक लाईट, सड़क चिन्हों व हेलमेट की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। साथ ही यातायात के नियमों को पालन करने के लिए अपील की। सड़क सुरक्षा व यातायात के नियमों की जानकारी परिवार के सदस्यों के साथ साझा करने की बात कही वहीं चूनावढ नायब तहसीलदार मनजीत सिंह ने अपने संबोधन में ट्रैफिक नियमों की जानकारी देते हुए कहा कि लोग ट्रैफिक नियमों का पालन करें जिससे सुरक्षा बनी रहे। कार्यक्रम में चूनावढ़ एसएचओ मलकीयत सिंह,नायब तहसीलदार मनजीत सिंह, वाइस प्रिंसिपल गगनदीप कौर, गुरजीत सिंह बराड़ व्याख्याता, सरपंच निशा चुघ सहित स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

# मेडिकल, संथेटिक नशे के खिलाफ प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया

**जनमार्ग न्यूज**

**सूररगढ़।** मार्क्सवादी कम्यूनिष्ट पार्टी के जिला कमेटी के आव्हान पर आज माकपा कार्यकर्ताओ ने तहसील सचिव सखी मोहम्मद के नेतृत्व में मेडिकल, संथेटिक नशे के खिलाफ प्रदर्शन करके मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया उपखण्ड अधिकारी की गैरहाजिरी में तहसील कार्यलय पर प्रदर्शन करके नायब तहसीलदार के मार्फत मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंपा गया। माकपा के सचिव सखी मोहम्मद ने कहा सूरतगढ शहर सहित उपखण्ड के गावों में भी मेडिकल सिंथेटिक नशे ने पांव पसार लिए है। हालात इस कदर बिगड़ गये है कि यहाँ पर लड़कियां भी नशे के ओवरडोस के कारण डॉक्टरों के पास पहुँच रही है, नौजवान तो नशे के कारण अपना जीवन बर्बाद कर रहे हैं। माकपा नेता मदन ओझा ने कहा अगर यही हालात रहे तो समाज में नशे के चलते हालत भयावह हो जाएगे तथा युवा पीडी नशे में लिप्त होकर बर्बाद होगी। शहर के प्रशासन, पुलिस प्रशासन को नशे के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही करनी चाहिए। प्रदर्शन में महावीर भोजक, लक्ष्मण शर्मा ,मुमताज, मुश्ताक, रेहान, , राजवीर, जवाहर छीपा, गुरप्रीत सिंह एडवोकेट, महेन्द्र कुमार बारूपाल, रामसिह सेखो, रामप्रताप जालप ,सुरजभारतीय विक्रमसिह राठौड, हंसराज भाटी, सुनीलकुमार , हुसैन मोहम्मद तेली मोजूद रहे।



# राजकीय महाविद्यालय हिन्दुमलकोट में 'सड़क सुरक्षा नायक बनें' कार्यक्रम आयोजित

❑ सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने की महत्ता समझाई
❑ साईबर अपराधों से बचाव के लिए भी किया जागरूक

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत राजकीय महाविद्यालय, हिंदुमलकोट में 'सड़क सुरक्षा नायक बनें' जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस थाना हिंदुमलकोट के एसएचओ गुरमेल सिंह थे। 1 जनवरी से 31 जनवरी, 2025 तक मनाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता करने के साथ-साथ सड?ों पर सुरक्षित व्यवहार करके 'सड़क सुरक्षा नायक बनने' के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि एसएचओ गुरमेल सिंह ने सड़क सुरक्षा के महत्व को रेखांकित किया तथा सड़क पर यातायात नियमों का पालन करने की आवश्यकता पर बल दिया।



उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग करने की महत्ता समझाई। इस मौके पर साइबर अपराध के खिलाफ भी जागरूकता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण पहल करते हुए एसएचओ गुरमेल सिंह ने महाविद्यालयी छात्र-छात्राओं, स्टाफ तथा उपस्थित उपस्थित जनसमुदाय को साइबर सुरक्षा के तरीकों, ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव तथा इंटरनेट का सुरक्षित उपयोग करने के उपाय भी बताए।

इस कार्यक्रम के दौरान सड़क व साइबर क्राइम सुरक्षा जागरूकता गतिविधियों के तहत पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, निबंध लेखन तथा भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में सफल आयोजन के लिए महाविद्यालय के हनुमानजी ने एसएचओ गुरमेल सिंह सहित अतिथियों, आगंतुकों, छात्र-छात्राओं तथा स्टाफ सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस कार्यक्रम ने सड़क सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करने के साथ-साथ साइबर अपराध के खिलाफ भी जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं व स्टाफ सदस्यों सहित ग्रामवासी व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# जोधपुर डिस्कॉम के अधिशाषी व सहायक अभियंता का स्वागत



जनमार्ग न्यूज


**सूरतगढ़।** इन्टक संगठन सूरतगढ़ द्वारा जोधपुर डिस्कॉम के अधिशासी अभियंता पद पर स्थानांतरण होकर आये नेमीचंन्द वर्मा व सहायक अभियंता सूरतगढ़ ग्रामीण के सहायक अभियंता पद पर स्थानांतरण होकर आये चन्द्रशेखर ओझा को गुलदस्ता देकर, फूल मालाएं पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत के दौरान अधिशासी अभियंता व सहायक अभियंता ग्रामीण को कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं से भी अवगत करवाया अधिशासी अभियंता ने विश्वास दिलाया किसी भी कर्मचारी को किसी भी प्रकार की समस्यायों से नहीं जूझना पड़ेगा सब मिलकर निगम के लिए कार्य करेंगे। इस मौके पर इन्टक संगठन के प्रदेशउपाध्यक्ष श्याम सुंदर शर्मा, इंन्टक संगठन सूरतगढ़ के अध्यक्ष मुकेश यादव, महामंत्री लालचंद मेहरड़ा, उपाध्यक्ष दलीप कुमार यादव, सचिव कलाम मोहम्मद, मेनपाल वर्मा, जावेद खां, सूरज प्रकाश, सोनपाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण हटाने गए दस्ते का विरोध होने पर लौटना पड़ा

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** राजस्व तहसीलदार के आदेश पर नायब तहसीलदार की मौजूदगी में अतिक्रमण हटाने गए दस्ते का विरोध होने पर लौटना पड़ा।

शर्मा बाल मंदिर स्कूल के सामने वार्ड नंबर 41 में कैनरा बैंक के पीछे पतली गली में वर्षो पुराने अतिक्रमण की शिकायत राजस्व तहसीलदार को करने पर नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता सुरेंद्र प्रताप सिंह, सफाई निरीक्षक मनोज कुमार धौल, मनिंदर सारसर सहित सफाई कर्मचारी बड़ी जेसीबी सहित



अतिक्रमण हटाने के लिए मौके पर पहुंचे तो मोहल्ले के सैकड़ो लोगों ने पुराने अतिक्रमण हटाने के आदेश का विरोध किया। पार्षद प्रतिनिधि किशन लाल उर्फ किनिया ने बताया गरीब आदमी वर्षो से इस गली में रह रहा है। प्रभावशाली लोग गरीब की शिकायत करके बार-बार परेशान करते हैं। 50 वर्ष पुराने अतिक्रमण को हटाने के लिए कई बार शिकायत की गई, कोर्ट में मामला गया उसे पर भी गरीब को न्याय मिला होने के बावजूद उसे परेशान करने के लिए शिकायत कर दी।विवाद बढ़ता देखकर पुलिस को सूचना देकर बुलाया गया पुलिस ने मौके पर पहुंच कर राजस्व नायब तहसीलदार के साथ मौका और कागजात देखने के बाद सैकड़ो लोगों का विरोध देखते हुए वापस लौट गए।

# नवनिर्वाचित मैनेजमेंट कमेटी मेंबर सी ए राघव गोयल के स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** गत दिवस शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में टैक्स कानून के जानकार, गणमान्य युवा अधिवक्ताओं द्वारा बार एसोसिएशन श्री गंगानगर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जसवंत सिंह भादू जी एडवोकेट एवं सी ए ब्रांच श्रीगंगानगर के नवनिर्वाचित मैनेजमेंट कमेटी मेंबर सी ए राघव गोयल के स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसमें अध्यक्ष जसवंत सिंह भादू के साथ साथ पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष एडवोकेट सीताराम बिश्नोई , एडवोकेट राजेश ग्रेवाल तथा एडवोकेट आई पी सहारण भी सम्मिलित हुए। सर्वप्रथम कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का माला पहनाकर एवं सम्मान प्रतीक देकर स्वागत किया गया । कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने संबोधित करते हुए



सर्वप्रथम सभी कर अधिवक्ताओं का स्वागत कार्यक्रम आयोजित करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि वह अधिवक्ताओं के हितों हेतु एक सजग प्रहरी की तरह हमेशा तत्पर एवं तैयार हैं हमारे लिए प्रत्येक अधिवक्ता सर्वोपरि है चाहे किसी भी कानून में प्रेक्टिस करें । इसके पश्चात एडवोकेट दीपक सिंगल ने आए हुए सभी साथियों का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम में रविकांत फुटेला, अशोक अग्रवाल, संजय गोयल, दिनेश गोयल, नवरत्न व्यास, धीरज लीला, सुमित लड्ढा, निकेत धींगड़ा, कृष्ण गोपाल, श्याम पुरोहित, सुनील सिडाना, कमल कालड़ा, इंदीवर चुघ, प्रदीप सनेजा, विपुल अरोड़ा ,अमित जैन इत्यादि कर अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में रात्रि भोज का आयोजन किया गया।

# प्रायोजित कौशल विकास हेतु इलेक्ट्रीशियन एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ




**श्रीगंगानगर।** राजकीय संप्रेक्षण एवं किशोर गृह, कुंज विहार, श्रीगंगानगर का किशोर न्याय समिति राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के अध्यक्ष माननीय न्यायाधीश मनोज कुमार गर्ग ने निरीक्षण कर देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों एवं विधि से संघर्षरत बालकों के कौशल विकास हेतु खादी ग्रामोद्योग आयोग द्वारा प्रायोजित इलेक्ट्रीशियन एवं कंप्यूटर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। निश्शुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम में जैन वेलफेयर ट्रस्ट का विशेष सहयोग रहेगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम युवाओं को रोजगार प्राप्त करने अवसर देगा। निरीक्षण के दौरान किशोर न्याय बोर्ड की प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट माहेश्वरी बरोड़, राजकीय संप्रेक्षण एवं किशोर गृह अधीक्षक राजीव जाखड़, बाल अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक रेणु खैरवा, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जोगेंद्र कौशिक, सदस्य डॉ. रामप्रकाश शर्मा, किशोर न्याय बोर्ड सदस्य विकास सारस्वत उपस्थित थे।

# अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के सेठी ब्लॉक अध्यक्ष तथा मिड्ढा युवा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

## प्रदेशाध्यक्ष रजनेश बहल ने संगठन एवं समाज हित में सौंपा दायित्व

**श्रीगंगानगर।** अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के संस्थापक सूर्यवंशी कमल हांडा तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा से विचार-विमर्श के पश्चात् राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष सूर्यवंशी रजनेश बहल ने संगठन को और अधिक सक्रिय व मजबूत करने के लिए समाज हित में श्रीगंगानगर जिलाध्यक्ष सूर्यवंशी मनोहर लाल चावला की अनुशंसा पर सूर्यवंशी गुरबचन दास सेठी को उनकी संगठन के प्रति लग्न, मेहनत, समर्पण एवं कर्मठता को देखते हुए ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी, ब्लॉक घड़साना का ब्लॉक अध्यक्ष तथा सूर्यवंशी नरेश कुमार मिड्ढा को ब्लॉक घड़साना का युवा ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेशाध्यक्ष रजनेश बहल ने बताया कि नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यवंशी गुरबचन दास सेठी तथा युवा ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यवंशी नरेश कुमार मिड्ढा सामाजिक अनेक सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं तथा सामाजिक सरोकारों में सक्रिय योगदान दे रहे हैं। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों द्वारा अपनी-अपनी कार्यकारिणी का गठन राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष से विचार-विमर्श करके किया




जाएगा। घड़साना ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यवंशी गुरबचन दास सेठी तथा घड़साना युवा ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यवंशी नरेश कुमार मिड्ढा ने संगठन के संस्थापक सूर्यवंशी कमल हांडा, राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी साहिब दयाल वधवा, राष्ट्रीय महासचिव सूर्यवंशी ज्योति कमल हांडा, राजस्थान प्रदेशाध्यक्ष सूर्यवंशी रजनेश बहल तथा श्रीगंगानगर जिलाध्यक्ष सूर्यवंशी मनोहरलाल चावला का आभार जताते हुए संगठन एवं समाज हित में सक्रियतापूर्वक कार्य करने का विश्वास दिलाया है।

ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राजस्थान प्रदेश महासचिव सूर्यवंशी सिमरजीत मरवाहा, प्रदेश सचिव सूर्यवंशी हरजीत मिगलानी, प्रदेश कोषाध्यक्ष सूर्यवंशी तुलसीदास मिड्ढा, चिकित्सा प्रकोष्ठ बीकानेर प्रभारी सूर्यवंशी डॉ. हरीश रहेजा, श्रीगंगानगर जिलाध्यक्ष सूर्यवंशी मनोहरलाल चावला, सादुलशहर विधानसभा अध्यक्ष सूर्यवंशी एडवोकेट अमित चावला, सूरतगढ़ विधानसभा अध्यक्ष सूर्यवंशी संजय अरोड़ा, हनुमानगढ़ जिलाध्यक्ष सूर्यवंशी पवन खत्री, संगरिया विधानसभा अध्यक्ष सूर्यवंशी कुलदीप कटारिया, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सूर्यवंशी चेष्टा सरदाना, अनूपगढ़ जिलाध्यक्ष सूर्यवंशी कश्मीरी लाल चावला आदि उपस्थित थे।

# महावीर इन्टरनेशनल ने विद्यार्थियों को जुराबें बांटी



**श्रीगंगानगर।** महावीर इन्टरनेशनल सूरतगढ़ केन्द्र द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, किशनपुरा नई आबादी व महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नं. 2, सूरतगढ़ में जरूरतमंद विद्यार्थियों को 300 जोड़ी जुराबें वितरित की गयी। ये जुराबें संस्था को समाजसेवी राकेश कुमार नरूला के सहयोग से प्राप्त हुई। इस अवसर पर डी.टी.ओ. विनोद लेघा फलौदी, प्रधानाध्यापक श्रीमती सुशीला सियाग, अध्यापक सुशील कुमार, जयनारायण स्वामी, गोविन्द सिंह, धर्मपाल वर्मा, हेतराम, मंजू धुड़िया, दिप्ती, वीना रानी, रामेश्वर लाल, प्यारे लाल, जगदीश, ममता गिरी, योगेश कुमार, सुनीता, मनीष घिंटाला सहित केन्द्र अध्यक्ष दिलीप मिश्रा, पूर्व नत्थूराम कलवासिया, सम्भागीय कोषाध्यक्ष रमेश कुमार शर्मा, नीरज डांग उपस्थित थे।

# पटवार संघ की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना आठवें दिन भी जारी

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** राजस्थान पटवार संघ द्वारा 10 सूत्रीय मांगों को लेकर जारी धरना आठवें दिन भी जारी है। इस धरने में राजस्थान कानूनगों संघ और भारतीय जनता मजदूर संघ के सदस्य भी समर्थन में शामिल हुए हैं। धरने का आयोजन पटवारी और कानूनगों के विभिन्न समस्याओं को हल करने की मांग के लिए किया गया है। राजस्थान पटवार संघ के जिलाध्यक्ष अमर सिंह दहिया और तहसील अध्यक्ष अनिल सहू ने बताया कि पटवारियों की 10 सूत्रीय मांगों का समाधान होने तक उनका कार्य बहिष्कार जारी रहेगा। इन मांगों में वेतन वृद्धि, कार्यस्थल पर सुरक्षा, अन्य सरकारी सुविधाओं का विस्तार, और नौकरी की स्थिरता जैसी महत्वपूर्ण बातें शामिल हैं। इसके अलावा राजस्थान कानूनगों संघ के जिला अध्यक्ष चन्द्रभानी ज्याणी ने भी कहा कि जब तक इन



मांगों का समाधान नहीं किया जाता, तब तक वे आंदोलन को और उग्र करेंगे और प्रदेश के आह्वान पर आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से बढ़ाएंगे। धरने में शामिल सदस्यों ने स्पष्ट किया है कि उनकी यह हड़ताल केवल उनके हक की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह पूरे राज्य के कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा के लिए है। वेतन और सुविधाओं में सुधार के बिना पटवारी और कानूनगों का काम करना मुश्किल हो रहा है, जिसके कारण संघ ने अपनी आवाज उठाने का निर्णय लिया है। वहीं दूसरी ओर, इस हड़ताल का सीधा असर आमजन पर पड़ रहा है। किसानों और नागरिकों को पटवारियों की अनुपस्थिति के कारण अपने जरूरी कामों में कठिनाई हो रही है। लोगों को पटवारियों से जुड़े काम जैसे भूमि रिकॉर्ड में संशोधन, नामांतरण, खतौनी की प्रति प्राप्त करने जैसे कार्यो के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, जिससे वे परेशान हो रहे हैं।

# पारीक विश्राम भवन में कमरा निर्माण के लिए दो लाख का सहयोग

**हनुमानगढ़ ( जनमार्ग न्यूज )।** पारीक समाज के अध्यक्ष पवन पारीक ने बताया की टाऊन जंक्शन रोड़ पर पीर खाने के पीछे बन रहे विश्राम भवन में सरदार शहर निवासी श्री गिरधारी लाल जोशी, कुंज बिहारी मुरली धर जोशी ने अपनी माता स्व महादेवी की याद में पारीक विश्राम भवन में



कमरा निर्माण की राशि दो लाख रुपए पारीक समाज को भेंट की, श्री गिरधारी लाल जी वर्ष 1960 से 1972 तक हनुमान गढ़ में व्यवसाय करते थे, वर्तमान में उनका होटल झंकार सरदार शहर में है एवम अन्य सामाजिक कार्यो में सहयोग के लिए जाने जाते है, उन्होंने अपनी दोहिती के विवाह पर भात की रश्म अदायगी समारोह में ये सहयोग पारीक समाज को दिया, इस अवसर पर सत्य देव,लीलाधर पारीक, सुभाष बोहरा, इंद्र पारीक, लून करण पारीक, मोहन पारीक आदि मौजूद रहे, गिरधारी जी जोशी ने बताया की उनका हनुमान गढ़ से विशेष लगाव रहा है इसलिए उनकी इच्छा थी की पारीक समाज अगर कभी कोई भवन आदि निर्माण करेगा तो वो सहयोग करेंगे , अब पारीक समाज का ये विश्राम भवन बन रहा है तो वर्तमान समिति की कार्य से खुश होकर उन्होंने सहयोग कर अपना समाज के प्रति भावना से सहयोग किया है, समाज समिति की ओर से जोशी जी को साफा पहना कर सम्मान दिया गया, पारीक समाज ने सरदार शहर के जोशी परिवार का आभार जतायाह्यह्य

# डीएवी महाविद्यालय में पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन पर सेमिनार का आयोजन



**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** स्थानीय डीएवी महाविद्यालय के स्नातकोत्तर भौतिक विभाग द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ.मीनू पुनिया के द्वारा किया गया जिन्होंने अपने उद्घाटन में कहा कि सेमिनार से विद्यार्थियों को भौतिक विज्ञान के विषय में नवीनतम जानकारी प्राप्त हुई है जो उनके शैक्षणिक विकास में महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में डॉ. राजेश्वर गोदारा व डॉ. अंजली सिंह भी उपस्थित रहे। इस सेमिनार में विद्यार्थियों द्वारा बीटा डीके, डिटेक्टर, केंद्रीय बल आदि के बारे में विस्तार पूर्वक व्याख्यान किया गया जिसमें सौरव जिनागल प्रथम व दिव्यांश ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सेमिनार में भौतिक विभाग के सदस्य रितु सोनी, सोनाली व श्रेया मिड्ढा द्वारा सक्रिय भूमिका निभाई गई। विद्यार्थियों के द्वारा विषय सामग्री को प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

### गर्भवती महिलाओं के लिए अनूठी पहल मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (मां) वाउचर योजना

# गर्भवती महिलाएं प्राइवेट सोनोग्राफी सेंटर पर नि:शुल्क करा सकती है सोनोग्राफी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षा को प्राथमिकता देते ह 'मां वाउचर योजना' की शुरुआत 17 सितम्बर 2024 को पूरे प्रदेश में किया गया। मां वाउचर योजना राजस्थान सरकार की एक दूरदर्शी पहल है, जिसका उद्देश्य राज्य में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करना और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य राज्य की महिलाओं को नि:शुल्क सोनोग्राफी सेवाएं उपलब्ध कराना है। योजना विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए फायदेमंद है जो दूर-दराज के क्षेत्रों में रहती हैं और जिनके लिए स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचना कठिन है। यह योजना उन महिलाओं के लिए भी उपयोगी है, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और सोनोग्राफी जैसी महंगी सेवाओं का खर्च वहन करने में असमर्थ है।



योजना के तहत प्रदेश की गर्भवती महिलाएं अपने ऐसे नजदीकी सरकारी चिकित्सा संस्थान पर जाकर सोनोग्राफी करा सकती है जिन सरकारी चिकित्सा संस्थानों में सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध नहीं तो वहाँ से गर्भवती महिला अपने जन आधार कार्ड और मोबाइल फोन के माध्यम से वाउचर प्राप्त कर सकती है। यह वाउचर सरकारी और सूचीबद्ध निजी पंजीकृत सोनोग्राफी केंद्रों पर नि:शुल्क सेवा के लिए मान्य होगा।

योजना के अंतर्गत अलवर जिले में 17 सितम्बर 2024 से 19 जनवरी 2025 तक 2472 सोनोग्राफी की जाकर गर्भवती महिलाओं को लाभान्वित किया गया है। गर्भावस्था के 84 दिन या उससे अधिक की अवधि वाली महिलाएं इस योजना के तहत नि:शुल्क सोनोग्राफी करवा सकती हैं। यह सुविधा सरकारी और सूचीबद्ध निजी सोनोग्राफी केंद्रों पर उपलब्ध है।

योजना के तहत गर्भवती महिला को अपना जन आधार कार्ड और मोबाइल फोन लेकर नजदीकी सरकारी चिकित्सा संस्थान पर जाना होगा।



चिकित्सा संस्थान में ओटीपी के माध्यम से महिला के मोबाइल पर एक एसएमएस द्वारा क्यूआर वाउचर जारी किया जाएगा। वाउचर की वैधता 30 दिनों की होगी। यदि महिला निर्धारित 30 दिनों में सोनोग्राफी नहीं करवा पाती है, तो वह दोबारा चिकित्सा संस्थान पर जाकर वाउचर की अवधि एक बार 30 दिनों तक ब?ा सकती है। महिलाओं को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रदेश में 1,161 निजी सोनोग्राफी केंद्रों और अस्पतालों को योजना में शामिल किया गया है। अलवर जिले में 26 निजी सोनोग्राफी सेंटर्स पर मां वाउचर योजना चालू है।

गर्भवती महिला अपने नजदीकी सरकारी चिकित्सा संस्थान पर जाकर जन आधार कार्ड और मोबाइल फोन के माध्यम से वाउचर प्राप्त कर सकती है। यह वाउचर सरकारी और सूचीबद्ध निजी पंजीकृत सोनोग्राफी केंद्रों पर नि:शुल्क सेवा के लिए मान्य होगा। जिले की कोई भी गर्भवती महिला जिसकी गर्भावस्था की अवधि 12 सप्ताह से अधिक है, वह महिला प्रत्येक माह की 9, 18 व 27 तारीख (प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस) के दिन जिले के ऐसे सरकारी अस्पताल से मां वाउचर योजना के लिए कूपन ले सकती है, जिस संस्थान पर सोनोग्राफी की सुविधा उपलब्ध नहीं हो। जिले में सरकारी अस्पतालों में संचालित सोनोग्राफी केंद्रों पर सोनोग्राफी सुविधा नि:शुल्क है इसलिए सरकारी संस्थान पर सोनोग्राफी कराने के लिए मां वाउचर योजना की आवश्यकता नहीं है। श्रीगंगानगर जिले में अर्पण अल्ट्रासाउंड सेन्टर, छवि मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड, दिवोज अल्ट्रासाउंड सेन्टर, श्री उत्तम हॉस्पिटल, डॉ. एसएस टांटिया मेमोरियल हॉस्पिटल, जेआरटी हॉस्पिटल, लालग?िया हॉस्पिटल, नागपाल डायग्नोस्टिक सेन्टर, पारस डायग्नोस्टिक सेन्टर, एसएन सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, साहिल डायग्नोस्टिक एण्ड रिसर्च सेन्टर, शुभ प्लस डायग्नोस्टिक सेन्टर, श्रीगंगानगर एज सेन्टर, कैलाश मल्टी स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, जिन्दल हार्ट एण्ड सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, प्रथम डायग्नोस्टिक सेन्टर, पीएमजी हॉस्पिटल, तपोवन आवेदना संस्थान, बंसल क्लिनीक, आकाश अल्ट्रासाउंड, एपैक्स डायग्नोस्टिक सूरतग?, अरो?ा केयर होम, बंसल नर्सिंग होम, डिजायर डायग्नोस्टिक सेन्टर, मारूति डायग्नोस्टिक सेन्टर, परम पिता शाह सतनाम जनरल हॉस्पिटल और चुघ अल्ट्रासाउंड सेन्टर शामिल है।

राज्य सरकार की मां वाउचर योजना महिलाओं और उनके शिशु के स्वास्थ्य की देखभाल को सुलभ और प्रभावी बनाने की दिशा में एक ब?ा कदम है। यह योजना मातृत्व सेवाओं को व्यापक रूप से पहुंचाने और गर्भावस्था के दौरान जटिलताओं का समय पर पता लगाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

## मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन, किसानों पर लाठीचार्ज की निष्पक्ष जांच की मांग

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन जिला कलक्टर को सौंपा, जिसमें उन्होंने 20 जनवरी 2025 को पुलिस द्वारा भाखड़ा क्षेत्र के किसानों पर लाठीचार्ज की घटना की निष्पक्ष जांच करवाने की मांग की। जनप्रतिनिधियों का कहना था कि किसानों के खिलाफ पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई अत्यधिक निंदनीय और अवैध थी, जिसके खिलाफ तत्काल कार्यवाही की आवश्यकता है। ज्ञापन में बताया गया कि भाखड़ा क्षेत्र के किसान पिछले कुछ दिनों से पानी की आपूर्ति की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट के समक्ष शांतिपूर्वक धरने पर बैठे थे। 20 जनवरी की रात को पुलिस ने अचानक धरना कर रहे किसानों पर लाठीचार्ज कर दिया, जिससे कई किसान घायल हो गए। जनप्रतिनिधियों ने इसे किसानों की आवाज को दबाने का प्रयास बताया और कहा कि इस घटना की निष्पक्ष जांच की जानी चाहिए।

# अधिक से अधिक अरूटवंशियों को ट्रस्ट से जोड़े: दीपक मिढ्ढा



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** अरोड़वंश ट्रस्ट के पूर्व सचिव दीपक मिढ्ढा आज ट्रस्ट के नवीन वोट अपडेशन प्रभारी से मिले। उन्होंने उन्हें एक पत्र के माध्यम से आग्रह किया कि ट्रस्ट द्वारा वोट अपडेशन का कार्य शुरू किया गया है, जिसमें सदस्यों के पते, जो लोग अब दुनिया में नहीं रहे, काफी सदस्यों के नाम एक से ज्यादा बार दर्ज है, आदि अन्य बिन्दूओं पर अपडेशन का कार्य शुरू किया गया है। लेकिन उन्होंने इस मुद्दे पर कहा कि आपके द्वारा तय की गई समयसीमा 31.01.2025 है, उसे बढ़ाया जाये एवं प्रक्रिया को कठोर ना बनाकर सरल एवं सुगम बनाया जाये, यह जानकारी ज्यादा से ज्यादा समाज के लोगों तक कैसे पहुंचे, इस पर विचार किया जाये, जिससे कि समाज के अधिक से अधिक लोग संस्था की मुख्यधारा से जुड़ सके।

दीपक मिढ्ढा के साथ नरेश मोंगा, शंकी जसूजा, अशोक बिलन्दी, रणवीर मिढ्ढा, नरेश नारंग, मोनू बजाज, राजेश मिढ्ढा, विकास सिडाना, धीरज राजपाल, अशोक धींगड़ा, राजकुमार अरोड़ा, मनोज धवन, नितिन खरबंदा, शरद जसूजा, अमित आहूजा, प्रियांक मोंगा सहित अनेक अरूटवंशी उपस्थित रहे।

## डेसी डिप्लोमा प्रशिक्षणार्थियों ने लिया जैविक खेती का प्रशिक्षण

जनमार्ग न्यूज

**संगरिया।** कृषि विज्ञान केन्द्र, ग्रामोत्थान विद्यापीठ, संगरिया द्वारा केन्द्र पर चल रहे एक वर्षीय डेसी डिप्लोमा के प्रशिक्षणार्थियों ने दिनांक 19.01.25 को गांव भारुखे?ा में जैविक खेती कर रहे एक प्रगतिशील किसान संजय सुथार के फार्म का भ्रमण किया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अनूप कुमार ने बताया कि भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने जैविक किन्नौ, वर्मी कम्पोस्ट इकाई, जीवामृत बनाने की इकाई, दशपर्णी अर्क तैयार करने की इकाईयों का अवलोकन किया। इस दौरान भारुखे?ा के किसान रामकुमार सहारण, हरचन्द रतिवाल, सुभाष नाई, भागीरथ नाई, राजवीर, मंगतराम, श्रवण कालीराणा, अमरसिंह इत्यादि के साथ साथ संगरिया से जगदीश सुथार सहित कुल 45 प्रशिक्षणार्थियों व किसानों ने भाग लिया। भ्रमण के दौरान डॉ. अनूप कुमार व संजय सुथार ने जैविक उत्पाद बनाने की विधि तथा इनके उपयोग करने के तरीके के बारे में विस्तार से बताया। सभी प्रशिक्षणार्थियों ने जैविक खेती से तैयार किन्नौ की प्रशंसा की।

## बाबू को कर्ज लेकर रिश्वत दी, उसी ने पीटा

### भिंड में क्लर्क ने महिला को तहसील में बेइज्जत किया; 50 बार ऑफिस आ चुकी थी

जनमार्ग न्यूज

**भिंड।** '23 साल पहले अति गरीब मजदूरों को खेती के लिए 5 बीघा जमीन का पट्टा मिला था। सरकारी रिकॉर्ड में इसे ऑनलाइन दर्ज कराने एसडीएम से लेकर पटवारी तक गुहार लगाई, रिश्वत भी दी, फिर भी न्याय नहीं मिला। 6 महीने तक तहसील कार्यालय में आवेदन दिया। वहां क्लर्क नवल किशोर गौड़ ने पहले तो आवेदन लेने से ही मना कर दिया। जब बार-बार गुहार लगाई, तो क्लर्क ने 10 हजार रुपए की रिश्वत मांगी। गरीबी में गुजर-बसर करने के बाद भी ब्याज पर 10 हजार रुपए उधार लेकर क्लर्क को दिए। उम्मीद थी कि अब काम हो जाएगा, लेकिन रिश्वत लेने के बाद भी उन्हें बार-बार टाला जाता रहा। उल्टा, जब हक की बात उठाई तो उसे दफ्तर में ही जूतों से पीटा गया।% यह दर्द है भिंड जिले की गोहद तहसील के लोधे की पाली में रहने वाले 55 साल की दीपा जाटव का। सोमवार (20 जनवरी) को तहसील ऑफिस में काम कराने के लिए पहुंची तो क्लर्क नवल किशोर गौड़ ने महिला को जूतों से मारा।

## हेमू कालाणी की शहादत को किया नमन

**हनुमानगढ़ (जनमार्ग न्यूज)।** अमर बलिदानी हेमू कालाणी के 82वें बलिदान दिवस पर सिंधी समाज के लोगों ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। इस सभा में मुख्य अतिथि के रूप में पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष खजान चंद शिवनानी रहे। पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष खजान चन्द शिवनानी ने बताया कि हमारे सिंधी समाज के वीर सपूत अमर बलिदानी हेमू कालाणी ने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में भाग लेकर भारत को आजादी दिलाने में एक अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मात्र 19 वर्ष की आयु में 21 जनवरी 1943 को उनको फांसी की सजा दी गई, वह देश के लिए शहीद हो गए। उन्ही की याद में 21 जनवरी पुण्यतिथि के रूप में पूरे देश वर्ष में हेमू कालाणी के नाम से अनेकों प्रकार के कार्यक्रम होते हैं, आज हमारे यहां हनुमानगढ़ टाउन के सिंधी समाज के बच्चों ने भी हेमू कालाणी व भारत माता रंग-भरो प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें तीन वर्गों में प्रतियोगिता करवाई गई। तीनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करने में भूमि,कनिका बाबानी व खुशी पारवानी ने पुरस्कार प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता के प्रभारी विद्या सखिजा, करुणा केसवानी, अंशिका, प्रियांश, सुनील गंगवानी आदि ने आयोजन करवाया। इसके बाद हेमू कालानी चौक पर सभी सिंधी समाज के नागरिकों ने पुष्पमाला एवं दीपदान कर हेमू कालाणी की प्रतिमा को श्रद्धांजलि अर्पित की।



## महिला ने बीच रास्ते में दिया बच्ची को जन्म

जनमार्ग न्यूज

**दमोह।** दमोह के डोडा गांव में एक महिला ने पगडंडी पर बच्ची को जन्म दिया। मंगलवार रात में महिला को प्रसव पीड़ा होने पर परिजन ने एम्बुलेंस को कॉल किया। एम्बुलेंस समय पर पहुंची लेकिन गांव से दो किलोमीटर दूर ही रुक गई। सड़क नहीं होने के कारण एम्बुलेंस आगे नहीं जा पाई। मामला कुम्हारी थाना क्षेत्र के डोडा गांव का है। प्रमोद अहिरवार ने गर्भवती पत्नी शारदा को पैदल ही एम्बुलेंस तक ले जाने की कोशिश की। इसी दौरान पगडंडी पर ही उसकी डिलीवरी हो गई। एम्बुलेंस पायलट पप्पू अहिरवार और एमएलटी डॉक्टर हनुमत यादव पैदल ही महिला तक पहुंचे। यहां से खाट पर महिला और बच्ची को लेकर झाड़ियों के बीच से टॉर्च की रोशनी में एम्बुलेंस तक पहुंचे। परमबाई लोधी ने बताया, मंगलवार सुबह मैं गांव गई थी, महिला ने दर्द होने की शिकायत की। मैं उसे कुम्हारी अस्पताल चेकअप के लिए ले गई। वहां नर्स स्टाफ ने उसे चेक किया। तब बच्चेदानी का मुंह नहीं खुला था इसलिए प्रसव की संभावना नहीं थी। शाम को मुझे फिर से खबर आई कि प्रसव पीड़ा बढ़ गई है। मैंने एम्बुलेंस को कॉल किया। परिवार के लोग महिला को लेकर घर से निकले और रास्ते में डिलीवरी हो गई। डॉ. हनुमत यादव ने बताया, रास्ते में डिलीवरी की खबर मिलते ही जल्दबाजी में पैदल गांव पहुंचे। एम्बुलेंस से स्ट्रेचर नहीं ले जा पाए। कुम्हारी अस्पताल पहुंचने पर महिला और नवजात का चेकअप किया गया। उसे बेटी हुई है। दोनों पूरी तरह स्वस्थ है। शारदा को पहले से एक बेटी है। फिलहाल मां और बच्ची अस्पताल में भर्ती हैं और उनकी देखभाल की जा रही है। गांव की आशा कार्यकर्ता परमबाई लोधी ने बताया, बीते 6 नवंबर को गांव की ममता पति पुष्पेंद्र आदिवासी को भी प्रसव पीड़ा हुई थी। शिशु की नाल गले में फंस गई थी। तब महिला को चारपाई पर लिटाकर एम्बुलेंस तक ले जाया गया था। परमबाई ने बताया, डोडा गांव में पक्की सड़क नहीं है। यहां करीब 30 परिवार रहते हैं। सभी को सरकारी पट्टे पर जमीन मिली है। खेती किसानी करने के लिए यह लोग खेतों में ही रहते हैं, जहां रास्ता नहीं है। बारिश के समय और अधिक परेशानियां बढ़ जाती है। सिंगरौली जिले में देवसर के चंदनिया गांव में एक मरीज को एंबुलेंस नहीं मिलने से परिजनों को खाट पर लिटाकर 4 किलोमीटर तक ले जाना पड़ा। सोमवार को राजलाखन कोल की अचानक तबीयत बिगड़ने पर परिवार ने 108 एंबुलेंस को कॉल किया। 1 घंटे तक एंबुलेंस का इंतजार करने के बाद भी जब कोई सहायता नहीं मिली, तो मजबूरी में दो लोगों ने बांस की बल्ली के सहारे खाट पर रस्सी बांधकर मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक पहुंचाया।



## महान कीर्तन समागम का आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**गजसिंहपुर।** श्री गुरु रविदास गुरुद्वारा में धन-धन अमर शहीद बाबा जीवन सिंह जी कमेटी गजसिंहपुर के तत्वाधान में महान कीर्तन समागम का आयोजन श्रद्धा के साथ किया गया इस समागम में श्री सुखमणि साहिब पाठ भोग डाला गया उसके उपरांत कीर्तन जत्था बाबा साहब सिंह जी 40 पीएस के द्वारा बाबा जीवन सिंह जी की महिमा का गुणगान किया गया आपको बता दें कि चार साहिबजादे एवं धन-धन अमर शहीद बाबा जीवन सिंह जी को समर्पित महान कीर्तन समागम का आयोजन करवाया गया जिसमें बाबा जीवन सिंह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए गए मार्ग पर चलने का आह्वान किया इस अवसर पर डॉक्टर अमृतपाल कौर लोकसभा क्षेत्र श्रीगंगानगर हनुमानगढ़,,बंटी अठवाल, नरेंद्र सिंह ,गुरमेल सिंह, सतपाल सिंह 35 बीबी, केवल सिंह 37 बीबी, छिन्दा हरनौली, गुरप्रीत सिंह संधू, राजू पाला थिंद, राजपाल राजू सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# हनुमानगढ़ के गौरव-विनीत बिश्नोई को नेशनल गेम्स में टेक्निकल रैफरी की जिम्मेदारी

म्जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** 38वें नेशनल गेम्स, जो इस बार उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित होंगे, में हनुमानगढ़ के जुडो कोच विनीत बिश्नोई को टेक्निकल रैफरी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह उनके खेल क्षेत्र में उत्कृष्टता और समर्पण का प्रमाण है। विनीत बिश्नोई इससे पहले भी कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपनी रेफरी और तकनीकी दक्षता का प्रदर्शन कर चुके हैं।

विनीत बिश्नोई का खेल जगत में योगदान अत्यंत सराहनीय रहा है। उन्होंने आल इंडिया पुलिस गेम्स, सीनियर नेशनल, ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी, सब जूनियर नेशनल और जूनियर नेशनल जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं में रेफरी की भूमिका निभाई है। इसके अलावा, उन्हें रांची में आयोजित जूनियर नेशनल गेम्स में बेस्ट रेफरी का सम्मान भी प्राप्त हो चुका है। यह उनके अनुभव और क्षमता का जीता-जागता उदाहरण है। मंगलवार को हनुमानगढ़ में व्यापारियों और सर्व समाज के लोगों ने विनीत बिश्नोई का सम्मान और अभिनंदन किया। इस समारोह में उनके योगदान की सराहना करते हुए उन्हें हनुमानगढ़ का गौरव बताया गया। इस अवसर पर एसीबी डीवाईएसपी नरेश गेरा ने कहा, विनीत बिश्नोई न केवल हनुमानगढ़ बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय हैं। उनकी उपलब्धियां और मेहनत युवाओं के लिए प्रेरणा हैं। व्यापारी विकास जुनेजा ने कहा, विनीत बिश्नोई ने अब तक सैक?ों खिलाड़ियों को जुडो में प्रशिक्षित किया है और उन्हें सरकारी नौकरियों तक पहुंचने में मदद की है। यह एक बड़ी समाजसेवा है। उनके मार्गदर्शन में अनेक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। विनीत बिश्नोई ने कहा कि मेरे लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षित करना और उनके भविष्य को संवारना एक मिशन है। नेशनल गेम्स में टेक्निकल ऑफिसर के रूप में जिम्मेदारी मिलना मेरे लिए गर्व और उत्साह का विषय है। मैं इस मंच पर अपनी पूरी क्षमता और निष्ठा से काम करूंगा।



## जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल



**हनुमानगढ़।** द इगल फाउंडेशन सदस्यों की ओर से रविवार रात्रि को जरूरतमंदों को गर्म कंबल वितरित किए गए। यह कार्यक्रम जंक्शन रेलवे स्टेशन की बाउंड्री में आयोजित किया गया। इस दौरान खुले में बैठे करीब 70 व्यक्तियों को कंबल बांटे गए। फाउंडेशन के राष्टीय अध्यक्ष प्रशांत सोनी ने कहा कि वर्तमान में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। सुबह- शाम ठंड का अधिक प्रकोप है। ऐसे में कई लोग ऐसे हैं जो बिना गर्म कपड़ों के खुले आसमान में रहने को मजबूर हैं। ऐसे जरूरतमंदों की मदद करने के लिए फाउंडेशन सदस्यों की ओर से आपसी सहयोग से कंबल वितरित करने का निर्णय लिया गया। भविष्य में भी फाउंडेशन के सदस्य जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे रहेंगे। उन्होंने अन्य संस्थाओं से भी आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करने का आह्वान किया। इस मौके पर प्रशांत सोनी, एडवोकेट यादविंद्र सिंह सेखों, दर्शित मोदी , ए के अर्जुन , लक्ष्मण राजपुरोहित, मुक़्क़दर शाह , बब्बू चौहान, आकाश कामरा, शुभम् घावरी भरत गुप्ता , अली हसन , नासिर ख़ान, वाजिद , आदि मौजूद थे

# जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक हंगामेदार

## अधिकारियों की अनुपस्थिति पर जनप्रतिनिधियों का आक्रोश



जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** जिला परिषद की साधारण सभा की बैठक आज एक हंगामे के साथ संपन्न हुई। इस बैठक में केवल दो विकास अधिकारी पहुंचे, जबकि अन्य सभी संबंधित अधिकारी बैठक में अनुपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों की इस नाकारात्मक भूमिका पर तीव्र आक्रोश जताया और इसे प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम बताया। अंततः जनप्रतिनिधियों के विरोध के बाद बैठक को स्थगित कर दिया गया और अगली बैठक 28 जनवरी को आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मौजूद प्रमुख नेताओं में संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया, नोहर प्रधान सोहन ढील, जिला प्रमुख कविता मेघवाल, जिला परिषद डायरेक्टर मनीष मक्कासर और अन्य सदस्यों ने अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बैठक विकास कार्यों के लिए महत्वपूर्ण थी और अधिकारियों की गैरमौजूदगी से जिले के विकास कार्यों में रुकावट आ सकती है। जनप्रतिनिधियों का कहना था कि यह सिर्फ एक बैठक की बात नहीं है, बल्कि यह प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल ख?ा करता है।

**अभिमन्यु पूनिया ने लगाए भेदभाव के आरोप**

संगरिया विधायक अभिमन्यु पूनिया ने इस दौरान अधिकारियों पर भेदभाव के आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों का यह व्यवहार जिले के जनप्रतिनिधियों के प्रति अवमानना का प्रतीक है। पूनिया ने कहा, ष्जब बैठक में अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य थी, तो उनका न आना यह दिखाता है कि वे जानबूझकर काम में रुकावट डालने की कोशिश कर रहे हैं।ष् उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जनप्रतिनिधियों के अधिकारों का उल्लंघन करना नहीं सहन किया जाएगा और वे इस मुद्दे को लेकर उच्च स्तर पर आवाज उठाएंगे।

**नोहर प्रधान सोहन ढील ने की गंभीर आलोचना**

नोहर प्रधान सोहन ढील ने भी अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारियों ने बैठक की सूचना जनप्रतिनिधियों को गुपचुप तरीके से दी थी, जिससे सदस्यों को बैठक में शामिल होने में कठिनाई हुई। ढील ने कहा, ष्अधिकारियों का यह व्यवहार संदिग्ध है। उन्होंने बिना किसी उचित सूचना के अचानक बैठक बुलाने का प्रयास किया। उनकी मंशा क्या थी, यह समझ से परे है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकारियों के इस कदम से यह स्पष्ट होता है कि वे बैठक को अफरा-तफरी में खत्म करना चाहते थे, ताकि जनप्रतिनिधियों का प्रभाव कम किया जा सके।

**बैठक स्थगित, 28 जनवरी को नई बैठक**

जनप्रतिनिधियों के आक्रोश और अधिकारियों की अनुपस्थिति के बाद बैठक को स्थगित कर दिया गया। सभी सदस्यों ने निर्णय लिया कि अगली बैठक 28 जनवरी को होगी, जिसमें अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। जिला परिषद डायरेक्टर मनीष मक्कासर ने कहा कि इस घटना ने जिले में प्रशासनिक व्यवस्था की कार्यक्षमता पर गंभीर सवाल ख? कर दिए हैं। अधिकारियों की गैरमौजूदगी से यह संदेश जाता है कि वे जनहित के कार्यों में लापरवाह हैं। यह बैठक जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच बेहतर संवाद और विकास कार्यों की समीक्षा के लिए बुलाई गई थी, लेकिन अधिकारियों की अनुपस्थिति से यह पूरी प्रक्रिया विफल हो गई। बैठक के दौरान जनप्रतिनिधियों ने एकजुटता दिखाई और कहा कि वे आगे भी इस मुद्दे को लेकर संघर्ष करेंगे। उन्होंने प्रशासन से यह अपेक्षाएं जताई कि अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए और वे जिले के विकास कार्यों में पूरी सक्रियता से शामिल हों। जनप्रतिनिधियों ने यह भी कहा कि यदि अधिकारियों की यह लापरवाही जारी रहती है, तो वे इस मुद्दे को और भी व्यापक स्तर पर उठाएंगे। इस घटना ने जिले में प्रशासनिक व्यवस्था और अधिकारियों की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न चिह्न ख?ा कर दिया है। अब देखना यह है कि आगामी 28 जनवरी को होने वाली बैठक में प्रशासन क्या कदम उठाता है और अधिकारियों की उपस्थिति को लेकर क्या कार्रवाई की जाती है।

# सड़क सुरक्षा माह,साइबर क्राइम को लेकर आमजन को किया जा रहा जागरूक



## आमजन साथ दे क्षेत्र में नशे पर लगाएंगे लगाम: गुरमेल सिंह

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** हिन्दुमलकोट क्षेत्र के थाना प्रभारी गुरमेल सिह व स्टाफ राजकुमार,भगवान सिंह द्वारा सीमावर्ती क्षेत्र के गांव कोठा में पुलिस महानिदेशक राजस्थान द्वारा चलाये जा रहे अभियानो को लेकर आमजन को जानकारी दी गई। जिसमें साईबर शील्ड अभियान के अन्तर्गत आम जनता, सदस्य,पुलिस मित्र , सुरक्षा सखी मौजुद रहे।आमजन से अपील की गई किसी भी संदीग्ध ऑडियो ,विडियों कॉल जो पुलिस अधिकारी ,या अन्य सरकारी जांच एंजेन्सी के नाम से डराकर रूपयें मांगने या परिवार के किसी सदस्य को अरेस्ट करने ,आदि से सबंधित डराने - धमकाने के नाम पर रूपये मांगने पर तुरन्त पुलिस को सुचित करने या 1930 पर कॉल करें।इसी के साथ साथ थाना प्रभारी गुरमेल सिंह द्वारा सडक सुरक्षा माह 2025 के अन्तर्गत यातायात नियमों का पालन करना, सर्दी का मौसम होने के कारण ज्यादा धुंध में अतिआवश्यक होने पर ही वाहन का उपयोंग करना ओर आमजन सावधानी से वाहन चलाये। दुपहिया वाहन पर हेलमेट का उपयोग करे, चौपहिया वाहन पर सीट बैल्ट लगाकर ही घर से निकले । वाहनों पर क्षमता से ज्यादा सवारियां लेकर ना चढ़ाएं, इसके अलावा क्षेत्र की प्रमुख समस्या हिरोईन , नशीली प्रतिबंधित टेबलेट्स व गोलियों ,अवैध शराब का सेवन नही करने व अपने परिवार व बच्चों को इससे दूर रहने हेतु समझाईस की गई व उक्त नशे के व्यापार में संलिप्त किसी व्यक्ति की सुचना पुलिस को देने हेतु आग्रह किया। उन्होंने आमजन से अपील की हे कि आपके आसपास नशे का कारोबार करने वाले की जानकारी तुरंत पुलिस को देवें।ताकि क्षेत्र में नशे की रोकथाम हेतु हर संभव प्रयास किया जाए।ये अभियान हिंदुमलकोट क्षेत्र के गांव खाटलबाना 500 एल एन पी,कोठा,हिंदुमलकोट के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सहित अन्य गांव में भी लगातार जारी है।

# युवक ने दवा की जगह निगला जहर

जनमार्ग न्यूज

**सोहना।** हरियाणा में गुरुग्राम के सोहना में दवा की जगह जहरीले पदार्थ का सेवन करने से एक 22 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंगलवार देर शाम सोहना की पहाड़ कॉलोनी के वार्ड नंबर 13 में रहने वाले दीपक ने गलती से जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिवार वाले उसे तुरंत निजी अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान सकी मौत हो गई। मृतक युवक दीपक के पिता किशोरी लाल ने बताया कि, दीपक 12वीं पास करने के बाद फायरमैन का कोर्स कर रहा था। पिछले दो दिनों से उसकी तबीयत खराब चल रही थी। उसे वायरल इंफेक्शन हुआ था और खांसी भी थी। मंगलवार देर शाम को गलती से जहरीला पदार्थ निगल जाने से उसकी हालत बिगड़ गई। जिसके बाद परिजन उसे तुरंत अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान दीपक की मौत हो गई।

# मारवाड़ी युवा मंच के 41वें स्थापना दिवस पर संस्थापक पदाधिकारी सम्मानित

## सेवा भाव से जनहित के कार्यों का कारवां निरन्तर जारी रहेगा: विविध बिहाणी

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच का 41वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से हर्षोल्लासपूर्वक आयोजित किया गया। सचिव हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि पी ब्लॉक में हुए कार्यक्रम में मारवाड़ी युवा मंच श्रीगंगानगर शाखा के संस्थापक अध्यक्ष रविन्द्र लीला को सम्मान प्रतीक भेंट कर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष विविध बिहाणी ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच श्रीगंगानगर शाखा की स्थापना वर्ष 2007 में हुई थी तथा इसके संस्थापक अध्यक्ष रविन्द्र लीला एवं सचिव राजेश लीला हैं। अपनी स्थापना से ही मारवाड़ी युवा मंच द्वारा अमृतधारा प्रकल्प, नर सेवा नारायण सेवा प्रकल्प, गौ सेवा प्रकल्प, आनंद सबके लिए प्रकल्प, राजकीय चिकित्सालयों में मरीजों को दुग्ध वितरण, रक्तदान शिविर आदि जनहित के कार्यों द्वारा सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभाई जा रही है तथा सेवा भाव का यह कारवां निरन्तर जारी रहेगा। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष वेदप्रकाश लखोटिया, गौरव मित्तल, अध्यक्ष विविध बिहाणी, सचिव हिमांशु अग्रवाल, गौरव बिहाणी, शिव सिंगल, अभिषेक मोहता, गजेन्द्र गोयल, राजकुमार जैन, पूर्ण घोड़ेला एडवोकेट सहित मारवाड़ी युवा मंच पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।



# मानस अभियान के तहत ब्लॉक स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता

जनमार्ग न्यूज



**हनुमानगढ़** जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार मानस अभियान के अंतर्गत राजीव गांधी स्टेडियम में ब्लॉक स्तरीय महिला एवं पुरुष खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 14 टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें 7 महिला वर्ग और 7 पुरुष वर्ग की टीमें शामिल थीं। प्रतियोगिता का उद्घाटन आरएएस ट्रेनी प्रिया बजाज और सीबीईओ श्रीमती सीमा भल्ला की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर विभिन्न शारीरिक शिक्षकों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। पुरुष वर्ग में उत्तम सिंह वाला की टीम विजेता रही और चक ज्वालासिंह वाला की टीम उपविजेता घोषित की गई। महिला वर्ग में पक्का सहारणा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि किशनपुरा दिखानादा की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता का समापन जिला उपखंड अधिकारी श्री मांगीलाल सुथार और बाबूलाल मीणा की उपस्थिति में हुआ। विजेता टीमों को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आरएएस ट्रेनी प्रिया बजाज ने अपने वक्तव्य में कहा, मानस अभियान के तहत आयोजित यह प्रतियोगिता न केवल खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने का अवसर प्रदान करती है, बल्कि युवाओं में खेलों के प्रति उत्साह और जागरूकता बढ़ाने का भी एक उत्कृष्ट माध्यम है। सीबीईओ श्रीमती सीमा भल्ला ने खेलों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा, इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों और युवाओं में शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करती हैं।

## मोहर सिंह सलावद पांचवीं बार निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** शिक्षक संघ एलिमेंट्री सेकेंडरी टीचर एसोसिएशन (रेसटा) राजस्थान के दो दिवसीय राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मेलन के दूसरे दिन प्रदेशाध्यक्ष मोहर सिंह सलावद की अध्यक्षता व भारतीय स्टेट बैंक पब्लिक पार्क के मुख्य प्रबंधक महेंद्र मीणा के आतिथ्य में बिश्नोई धर्मशाला में खुला सत्र आयोजित हुआ।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

# गौवंश को दुर्घटना से बचाने के लिए गले में रेडियम बैंड बांध रहे हैं कस्बे के युवा

जनमार्ग न्यूज

**पीलीबंगा।** धुंध के कारण सड़क पर बैठे बेआसरा गौवंश रात के समय वाहन चालकों को दिखाई नहीं देते हैं।जिससे अक्सर दुर्घटना की संभावना बनी रहती हैं।इस तरह की दुर्घटना रोकने के लिए गायों के गले में रेडियम बैंड लगाने का अनूठा कार्य टीम पीलीबंगा सेवा संस्था के युवाओं का एक दल कर रहा है।

टीम के नवीन सिंधी ने बताया कि वह बीते कई दिनों से रेडियम की पट्टी को गायों के गले में बांध दे रहे हैं।जिसका असर यह है कि रात के समय गाय के गले में रेडियम पट्टी दूर से ही चमकने लगती है।जिससे कस्बे के मुख्य मार्ग हनुमानगढ़-सूरतगढ़ फोरलेन सहित अन्य मार्गो पर वाहन चला रहे चालक गाय, बछड़े आदि को देखकर सावधान हो रहे हैं।जिससे दुर्घटना में कमी आने की संभावना जताई जा रही है।ऐसे में रेडियम बैंड लगने से रात के समय भी गाय की दृश्यता बनी रहेगी।टीम के बलजीत सिंह, गुरदत सिंह ने बताया कि गायों को लोग खुला सड़क पर छोड़ दे रहे हैं।दुर्घटना होने के बाद उनकी टीम गायों के इलाज का कार्य भी कर रही है।जिससे दुर्घटना के मामले कम हो जाएंगे।इस कार्य में राकेश आज़ाद,बंटी छींपा,जस्सा सिंह,राजेश वर्मा,गुरविन्द्र गिल,सौरभ अरोड़ा,आशीष खदरिया,तनुज मांजू,रोहित नारंग,प्रदीप शर्मा,समीर कुमार,संदीप कुमार,लवीश अरोड़ा,रजनीश चावला,निशु सिंह आदि सहयोग कर रहे हैं।



# श्री बालाजी बाबोसा मंदिर के वार्षिकोत्सव में राधा-राधा कीर्तन हुआ

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ रोड नजदीक, गंगा कॉलोनी स्थित श्री बालाजी बाबोसा मंदिर प्रन्यास की वार्षिकोत्सव व राम मंदिर की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष में आज राधा रनाम संकीर्तन श्री हेतु राधा नाम संकीर्तन मण्डल द्वारा किया गया जिसमें रोशन स्वामी, तुलसी बृज रसिका, रमेश कुमार, दीपक, राजकुमार, सुशांत व भक्तों द्वारा राध राधा नाम का जाप किया गया। जिसमें भक्तजन झूम उठे। राकेश झूंथरा ने बताया कि भव्य दरबार सजाया गया व 12.15 बजे आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। 22 जनवरी बुधवार को बाबोसा मंदिर की आठवीं व अयोध्या श्रीराम लाल मूति प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ बड़ी धमधाम से मंदिर प्रांगण में मनाई जायेगी। प्रवक्ता राकेश झूंथरा ने बताया कि सुबह बजे शास्त्री दिनेश व हनुमान जी द्वारा पूजा अर्चना की जायेगी व ज्योत प्रज्ज्वलित श्री पवन गर्ग व विकास गर्ग सीए द्वारा की जायेगी। 11.15 श्री बालाजी संगीतमयी सुंदरकाण्ड मण्डल के पाठकर्ता अनिल अग्रवाल द्वारा सुंदरकाण्ड की चौपाईयों का गुनगान किया जायेगा। दोपहर 3.15 राम नाम संकीर्तन प्रतीक बजाज, गौरव, अंकित सिंगल व अतुल खदरिया द्वारा किया जायेगा। सायं 5.15 बजे भजन-कीर्तन शुरू होंगे जिसमें भजन गायकों द्वारा मनमोहक भजन सुनाये जायेंगे। भजनों के दौरान बबलू शर्मा द्वारा राधा-कृष्ण की झांकी दिखाई जायेगी। 6.15 बजे महाआरती की होगी उसके उपरांत राधा-क्ष्ण की झांकी प्रस्तुत की जायेगी। 6.30 बजे भण्डारा शुरू किया जायेगा। कार्यक्रम के दौरान फ्रूट, मीठे व टॉफियों की सवामणियों का भोग लगाकर भक्तों में वितरित किया जायेगा। भव्य आतिशबाजी भी की जायेगी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष महेश गुप्ता, उपाध्यक्ष कैलाश सिंगल, सचिव सुशील सिंगल, कोषाध्यक्ष अजय गुप्ता, प्रवक्ता राकेश झूंथरा, संरक्षक गोरधनदास गोटेवाले, विजय गुप्ता, संजय गुप्ता, संजय अग्रवाल, नवीन सिंगल, प्रदीप बोरड़, सत्यप्रकाश अग्रवाल, नीरज गुप्ता, विशाल नरूला, जसवंत, रिषभ गुप्ता, प्रेम निर्वाण आदि लगे हुए हैं।



## एनसीआर में बढ़ रही कंडम वाहनों की संख्या

जनमार्ग न्यूज

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सूबे में पंजीकृत वाहन स्क्रैपेज एवं रि-साइक्लिंग सुविधा प्रोत्साहन नीति 2024 अधिसूचित की है। इससे राज्य में पुराने वाहनों के स्क्रैपिंग व रि-साइकिलिंग सुविधा उपलब्ध होगी और जगह-जगह कबाड़ में तब्दील हो चुके वाहनों के पुर्जों का दोबारा उपयोग हो सकेगा। इससे राज्य में ईको पर्यावरण में भी सुधार होगा। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में एनजीटी द्वारा पुराने डीजल वाहनों की 10 व पेट्रोल वाहनों की 15 वर्ष तक पासिंग सीमा अवधि तय करने बाद कंडम वाहनों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसे देखते हुए हरियाणा सरकार ने यह निर्णय लिया है। मंत्री ने बताया कि सरकार की इस पहल से वाहनों के पुर्जों की रि-साइक्लिंग होने से दोबारा से इस्तेमाल संभव हो सकेगा।

# नशामुक्त गंगानगर के लिए प्रशासन की तरफ से साइकिल रैली

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** नशा मुक्त राजस्थान अभियान के तहत जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार नशा मुक्त गंगानगर के लिए प्रशासन की तरफ से साइकिल रैली का आयोजन किया गया।सेठ रामदयाल राठी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित साइकिल रैली समारोह में मुख्य अतिथि विधायक डूंगर राम गेदर, नशा मुक्ति अभियान के प्रभारी गंगानगर यूआईटी सचिव सीनियर आर ए एस अशोक असीजा, राजस्व तहसीलदार कुलदीप सिंह, अधिशासी अधिकारी पूजा शर्मा, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष परसराम भाटिया, प्रधानाचार्य पुष्कर लाल खत्री, कनिष्ठ अभियंता सुरेंद्र प्रताप सिंह, कनिष्ठ अभियंता संदीप कालवा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। शारीरिक शिक्षक संजीव भारद्वाज की देखरेख में नशा मुक्ति के खिलाफ जन जागरूकता के नारे लगाते हुए राठी स्कूल से रवाना हुई साइकिल रैली शहर के मुख्य बाजार से होते हुए गुरुद्वारा श्री सिंह सभा, महाराजा सिनेमा, न्यायालय, बिश्नोई मंदिर, व्हाइट हाउस, भग्गुवाला कुआं, भगत सिंह चौक से महाराणा प्रताप चौक होते हुए राठी स्कूल में समापन किया गया। रैली में नशा मुक्ति का संदेश देने के लिए यातायात प्रभारी मूल सिंह शेखावत साइकिल लेकर यात्रा में शामिल होकर नशा के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था बनाने में टीम सहित साथ रहे। इस अवसर पर व्याख्याता विशाल डोडा, सांसी समाज के अध्यक्ष रामचंद्र हिम्मतिया, पूर्व पार्षद सुरेंद्र टाक, समाजसेवी दिलीप घोड़ेला, नगर पालिका स्टोर प्रभारी जीतराम झोरड़, सुरेंद्र कुमार सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।



# अवैध मादक पदार्थ हेराईन चिट्टा व डोडा पोस्त सहित चार गिरफ्तार

● पुलिस थाना चूनावढ़, जवाहरनगर, पदमपुर व श्रीकरणपुर की कार्यवाही

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत नशे के विरूद्ध जिला पुलिस की निरंतर कार्यवाहियां उप महानिरीक्षक पुलिस सह जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव के निर्देशानुसार जिले की चूनावढ़, जवाहरनगर, पदमपुर व श्रीकरणपुर थाना पुलिस ने 4 आरोपियों को अवैध मादक पदार्थ हेरोइन चिट्टा व डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चूनावढ़ पुलिस थाना के थानाधिकारी उपनिरीक्षक मलकीयत सिंह ने मय थाना स्टाफ सड़क आम चूनावढ़ कोठी से गांव चूनावढ़ नजदीक हनुमान मंदिर से आरोपी शेखर दुपगा पुत्र भगवानदास निवासी चूनावढ 30 जीजी पुलिस थाना चूनावढ के कब्जा से 04 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हैरोईन (चिट्टा ) बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच मटीलीराठान थाना के उपनिरीक्षक सुभाष बिश्नोई को सौंपी गई है। दूसरी कार्यवाही में जवाहरनगर पुलिस थाना के उपनिरीक्षक रोहिताश ने मौसम विभाग रोड पर ओवरब्रिज के पास आरोपी विक्की पुत्र मिठूराम निवासी छजगरिया मोहल्ला, अशोकनगर बी श्रीगंगानगर के कब्जे से 04 ग्राम अवैध मादक पदार्थ हेरोईन चिट्टा बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया, जिस पर पुलिस थाना जवाहरनगर मे आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट मे प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान बलवत कुमार उनि के सुपुर्द किया गया है। पदमपुर पुलिस थाना के उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार ने गश्त के दौरान मय स्टाफ गांव 21 बीबी को जाने वाली से आरोपी हरदीप सिह उर्फ हरमन पुत्र जरनैल सिह निवासी 21 बीबी पुलिस थाना पदमपुर के कब्जे से 04 किलो अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट मे प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान रामप्रताप पुनि. थानाधिकारी पुलिस थाना श्रीकरणपुर के सुपुर्द किया गया है। इसी प्रकार श्रीकरणपुर पुलिस थाना के उपनिरीक्षक बेगराज ने मय स्टाफ भारत माला रोड पर रोही 12 ओ से आरोपी अभिषेक कुमार पुत्र राजकुमार निवासी 36एफ पुलिस थाना केसरीसिंहपुर जिला श्रीगंगानगर के कब्जा से 1 किलो 532 ग्राम डोडा पोस्त बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस थाना श्रीकरणपुर मे आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट मे प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान श्रीमती सीरकौर उनि. थानाधिकारी पुलिस थाना गजसिहपुर के सुपुर्द किया गया है।

# वह कल मुझे लेने आएगा, आज रात ही मौका है ठिकाने लगा दो उसे

● चाची-भतीजे की इश्क की दास्तां में नया खुलासा

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले के तलवाड़ा थाना क्षेत्र के गांव श्योदानपुरा में 30 वर्षीय युवक उग्रसेन की रविवार-सोमवार की रात घर के कमरे में सोते समय तेज धार वाले हथियार से हत्या कर दिए जाने की सनसनीखेज घटना में एक नया बड़ा तथा चौका देने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस अधीक्षक अरशद अली ने बताया की हत्या के आरोप में गिरफ्तार की गई उग्रसेन जाट की पत्नी एकता (27) घटना की रात को गिरफ्तार किए दूसरे आरोपी राजेश (23) के साथ मोबाइल फोन पर निरंतर संपर्क में थी। वह लगातार उसे फोन कर रही थी। एकता उसे कह रही थी कि उग्रसेन कल सोमवार उसे लेने के लिए पीहर आएगा। इसलिए उसके पास आज रात ही मौका है। वह उसे ठिकाने लगा दे। राजेश ने रविवार की रात को ही उग्रसेन के घर जाकर सोते समय उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने राजेश को सोमवार सुबह उग्रसेन की हत्या कर दिए जाने का पता चलने के कुछ देर बाद ही गिरफ्तार कर लिया था जबकि एकता को कल मंगलवार को हिरासत में लिया गया। राजेश कल गुरुवार तक रिमांड पर है जबकि एकता को आज अदालत में पेश किया गया। रिश्ते में एकता और राजेश चाची-भतीजे लगते हैं। राजेश कॉलेज में पढ़ाई कर रहा था। तलवाड़ा थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर रजनदीपकौर ने बताया कि निकटवर्ती गांव धौलपालिया की निवासी एकता की शादी गांव श्योदानपुरा के उग्रसेन से करीब 8 वर्ष पहले हुई थी।उसके 6 वर्ष की एक बेटी है। आरोपी राजेश का मकान उग्रसेन के मकान से कुछ फर्लांग की दूरी पर है। रिश्ते में भतीजा होने के कारण राजेश का उग्रसेन के घर में आना-जाना होता था।

## दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस वे पर 30 फीट नीचे गिरी कार

**जनमार्ग न्यूज।**

**लालसोट।** ड्राइवर को नींद की झपकी आने पर एक इनोवा कार बेकाबू होकर एक्सप्रेस वे से नीचे आ गिरी। हादसे में 3 लोगों को मामूली चोट आई है। घटना के समय कार में तीन बच्चों समेत 9 लोग सवार थे। मामला दौसा जिले के रामगढ़ पचवारा थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी रामशरण गुर्जर ने बताया-घटना सुबह 6 बजे की है। पुलिस ने बताया कि एक इनोवा कार दिल्ली से मुंबई की ओर जा रही थी। सुबह 6 बजे ड्राइवर को नींद की झपकी आने से अमराबाद रेस्ट एरिया के पास चैनल नंबर 218 के पास कार बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराने के बाद हाईवे के दूसरी साइड जाकर एक्सप्रेस वे से 30 फीट नीचे गिर गई।

## अस्थाई कर्मचारियों को शीघ्र भुगतान की मांग



**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** नगरपरिषद में अस्थाई रूप से कार्यरत सफाई कर्मचारी व (ट्रैक्टर ट्राली) लेबर कर्मचारियों का भुगतान जल्द किए जाने की मांग को लेकर भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस श्रीगंगानगर के अध्यक्ष उमेश वाल्मीकि तथा जिला सचिव भारती के नेतृत्व में सैंकड़ों अस्थाई सफाई कर्मचारियों सहित नगरपरिषद आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। जिला सचिव आर्यन भारती ने कहा गत कई माह से अस्थाई कर्मचारियों का वेतन प्रतिमा 01 से 05 तारीख के बजाये 20 से 21 तारीख के पश्चात किया जाता है इससे कर्मचारी प्रताड़ित और परेशान हो रहे हैं और इसका खामियाजा उस कर्मचारी का पूरा परिवार झेल रहा है और इससे उस कर्मचारी के बच्चो की शिक्षा में भी रुकावट आ रही है! इस दौरान अध्यक्ष उमेश वाल्मीकि, जिला सचिव आर्यन भारती, सरवन सारसर, विक्की वाल्मीकि, संजय सांवरिया, दीपक वाल्मीकि, अभिषेक घारू सहित सैकड़ो सफाई कर्मचारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## माय भारत स्वयंसेवक कर रहे यातायात पुलिस का सहयोग

**श्रीगंगानगर ( जनमार्ग न्यूज )।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के संस्थान माय भारत के स्वयंसेवक यातायात पुलिस श्रीगंगानगर के साथ जुड़कर सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान जागरूकता का कार्य कर रहे हैं। जिला युवा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि हिन्दुस्तान स्काउट गाइड के स्वयंसेवक गोल बाजार चौक, मटका चौक, भगत सिंह चौक एवं बीरबल चौक पर दोपहर में 2 घंटे यातायात की सुगमता के लिए सहयोग प्रदान कर रहे है। साथ ही ये स्वयंसेवक आमजन को यातायात सुरक्षा के मानक और नियम बताकर भी जागरूक कर रहे हैं।

# बुल्ली डॉग चुराकर बेचने का मामला थाने पहुंचा

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** अनूपगढ़ थाना क्षेत्र के चक 87- जीबी में एक पालतू बुल्ली डॉग चुराकर बेच दिए जाने का 6- 7 महीने से चर्चा में चल रहा मामला आखिरकार थाने में पहुंच गया। पुलिस के मुताबिक चक 87-जीबी निवासी रामचंद्र बावरी द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर सुरिया उर्फ सूर्या कुमार बावरी पर उसका पालतू बुल्ली डॉग तथा घर से सोने की बालियां और चार बकरे चोरी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को रामचंद्र ने बताया कि 5-6 महीने पहले वह पत्नी के साथ रामदेवरा मेला की पैदल यात्रा पर गया था। इस दौरान सूर्या बावरी ने उसके घर से उसका पालतू बुल्ली डॉग चोरी कर 25 हजार रुपए में संदीप नामक व्यक्ति को बेच दिया। वह उसके घर से 11 ग्राम सोने की बालियां भी चोरी कर ले गया जिसकी कीमत लगभग 80 हजार रुपए है।इसके अलावा वह लगभग 36 हजार रुपए कीमत के चार बकरे भी उसके घर से चोरी कर ले गया। घटना की जांच कर रहे हवलदार पदमसिंह ने बताया कि अभी तक सिर्फ बुल्ली डॉग चुराने की पुष्टि हुई है। चुराया हुआ बुल्ली डॉग आरोपी ने किसी को बेच दिया था। इस बारे में दोनों पक्षों में पंचायत हुई जिसमें कथित रूप से सूर्या ने कबूल किया कि वह बुल्ली डॉग बेचने से मिली रकम की दोगुनी राशि रामचंद्र को देगा लेकिन उसने राशि नहीं दी तो रामचंद्र ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज करवा दिया। बाकी वस्तुएं चोरी हुई या नहीं इसकी अभी जांच की जा रही है।

# मंगेतर से शारीरिक संबंध बनाने के बाद शादी से इनकार

● आरोपी रेलवे कर्मी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** सगाई होने के बाद रेलवे में नौकरी मिल जाने पर एक युवक ने मंगेतर से गेस्ट हाउस में शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद वह शादी करने से इनकार कर गया। पीड़िता द्वारा दी गई रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने युवक और उसके परिवार वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक श्रीगंगानगर के नजदीक पंजाब सीमा से लगता एक गांव की निवासी 24 वर्षीय पीड़िता द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर सूरतगढ़ उपखंड क्षेत्र के एक गांव के निवासी सोनू नामक युवक और उसके परिवार वालों के खिलाफ धारा 376(1) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस को दी गई रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया है कि मई 2023 में जब वह श्रीगंगानगर के एक कॉलेज में अध्यनरत थी, तभी सोनू से उसकी सगाई दोनों परिवारों की सहमति से हो गई थी। सगाई में उसके परिवार वालों ने सोनू और उसके परिवार वालों को उपहार में गहने, कपड़े तथा 21 हजार रुपए नगद दिए थे। रिश्ता पक्का होने के बाद सोनू उससे मोबाइल पर बात करने लगा। वह बार-बार उसे मिलने के लिए बोलता लेकिन वह मना कर देती थी कि अभी उनका विवाह नहीं हुआ। विवाह से पहले मिलना जुलना सामाजिक दृष्टि से उचित नहीं है, लेकिन वह फिर भी उस पर मिलने के लिए दबाव डालता रहता था कि कुछ ही दिनों में उनकी शादी तो हो ही जाएगी। पीड़िता के अनुसार रिश्ता तय होने के सात-आठ महीने बाद सोनू की रेलवे में नौकरी लग गई। वह दिल्ली चला गया लेकिन निरंतर फोन करता रहता था। सोनू कहता था कि अब जल्दी ही उनकी शादी होने वाली है। वह नौकरी भी लग गया है। अब जब वह श्रीगंगानगर आएगा तो उसे मिलने के लिए आना होगा। सोनू ने कहा कि वह नौकरी लगने की खुशी में उसे पार्टी और उपहार देना चाहता है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पीड़िता ने बताया कि वह पिछले वर्ष 12 मार्च को अपने भाई सहित गांव से श्रीगंगानगर आई हुई थी। तभी सोनू ने फोन कर उसके भाई को बताया कि वह भी छुट्टी लेकर श्रीगंगानगर आया हुआ है। वह उसे और उसकी बहन को मिलकर पार्टी देना चाहता है।

## झगड़ा की सूचना पर गए पुलिसकर्मियों से मारपीट

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले के भादरा थाना क्षेत्र में रात्रि को झगड़ा-फसाद होने की सूचना पर गई पुलिस के साथ ही मारपीट हो गई, जिसमें एक पुलिसकर्मी के पांव में फ्रैक्चर हो गया। भादरा पुलिस के मुताबिक गांव मोमनवास निवासी राकेश नामक एक व्यक्ति ने परसों सोमवार को थाने में अपने पड़ोसियों के खिलाफ अन्य आवश्यक रूप से लड़ाई-झगड़ा करने की रिपोर्ट दी थी। इस रिपोर्ट को परिवाद के रूप में जांच के लिए रख लिया गया। राकेश ने सोमवार रात लगभग 11 बजे फोन पर सूचना दी की उसके पड़ोसी फिर से उसकी पत्नी मंजू और भाई से झगड़ा-फसाद तथा मारपीट कर रहे हैं। इस पर एएसआई महावीरसिंह अपने साथ सिपाही सतीश, मदन और सुनील आदि को लेकर मौके पर गए। उन्होंने झगड़ा करने वाले परिवार के घर का दरवाजा खटखटाया तो अंदर से कृष्ण और उसका भाई सुभाष तथा परिवार के तीन-चार अन्य सदस्य लाठियां-डंडे लेकर बाहर निकले।

# नशीली दवाओं सहित मिले दो व्यक्तियों को कठोर कारावास

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ के संगरिया में अतिरिक्त जिला एवं शासन न्यायाधीश बलवंतसिंह भारी की अदालत ने लगभग 7 वर्ष पहले भारी मात्रा में नशीली दवाओं की खेप सहित पकड़े गए दो व्यक्तियों को 10-10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए एक लाख रुपए का अर्थदंड लगाया है।विशिष्ट लोक अभियोजक गुरलाल मान नगराना ने प्रकरण की जानकारी देते बताया कि संगरिया थाना के तत्कालीन प्रभारी सीआई मोहरसिंह पूनिया ने 27 अक्टूबर 2017 की नाथवाना के पास मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा। उन के पास प्लास्टिक के दो कट्टों में नशे के रूप में इस्तेमाल होने वाले कफ सिरप की 94 शीशियां और 42 हजार 780 कैप्सूल बरामद हुए। दोनों व्यक्तियों नसीब अली उर्फ सीबा और अल्लाहदित्ता निवासी कीकरवाली के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट और ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। अदालत में पुलिस द्वारा चालान पेश करने पर अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाह और 51 दस्तावेज साक्ष्य प्रस्तुत किए गये।विशिष्ट लोक अभियोजक ने बताया कि इनके आधार पर न्यायाधीश बलवंतसिंह भारी ने मंगलवार को निर्णय देते नसीब अली तथा अल्लादित्ता को बिना परमिट और लाइसेंस के बड़ी मात्रा में नशीली दवाएं अवैध रूप से रखने का दोषी करार दिया। दोनों को अदालत ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत 10-10 वर्ष और ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट की धारा 18 (सी) 27 (बी) (2) के तहत 5-5 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए 1-1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। जुर्माना अदा नहीं करने पर आरोपियों को अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

## मंदिरों में चोरी के आरोपी से पूछताछ जारी

**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** घमूडवाली थाना क्षेत्र के चक 11-ईईए के एक मंदिर में चांदी के छत्र चोरी करते रंगे हाथ पकड़े गए निहालसिंह निवासी डूंगरसिंहपुरा थाना लालगढ़ जाटान नामक युवक ने श्रीगंगानगर शहर के मंदिरों में भी चोरी करना स्वीकार किया है। पुरानी आबादी थाना पुलिस के अनुसार विगत 3 जनवरी को बाबा खेतरपाल मंदिर में आधा किलो से भी अधिक वजनी चांदी का छत्र चोरी हो गया था। इस घटना के संबंध में अब भूपचंद नामक व्यक्ति द्वारा दी गई रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।पुरानी आबादी थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर ज्योति नायक ने बताया कि यह चोरी निहालसिंह ने की है। निहालसिंह को जल्दी ही प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लाया जाएगा।

# कोर्ट कांप्लेक्स का आधे से भी ज्यादा बजट अटकाया, एडवोकेट चैंबर्स का निर्माण नहीं

● अधिवक्ताओं में फैलने लगा आक्रोश

**जनमार्ग न्यूज।**



**श्रीगंगानगर।** प्रदेश की भाजपा सरकार ने श्रीगंगानगर में पुरानी शुगर मिल वाली जगह पर निर्माणाधीन नए कोर्ट कांप्लेक्स के लिए पूर्व में प्रस्तावित बजट राशि में से आधे से भी ज्यादा बजट अटका दिया है। इस कारण नए कांप्लेक्स में एडवोकेट चैंबर्स का निर्माण अभी तक शुरू नहीं हुआ है। इसी परिसर में जुडिशरी रेजिडेंसी का निर्माण भी होना है। यह निर्माण कार्य भी बजट न मिलने के कारण अटकने की संभावना है। बिना एडवोकेट चैंबर निर्माण के नए कोर्ट कांप्लेक्स को शुरू करने का अधिवक्ताओं को कोई औचित्य नजर नहीं आ रहा। इस कारण उनमें आक्रोश फैलने लगा है। जोधपुर हाईकोर्ट के जस्टिस मनोज गर्ग ने श्रीगंगानगर में दो दिन के प्रवास के दौरान कल मंगलवार को नए कोर्ट कांप्लेक्स के निर्माण का जायजा लिया। उनके साथ अनेक न्यायिक अधिकारी और बार संघ के अध्यक्ष जसवंत भादू, पूर्व अध्यक्ष सीताराम बिश्नोई और वरिष्ठ अधिवक्ता ओम रावल आदि भी रहे। इस दौरान भी एडवोकेट चैंबर्स का निर्माण नहीं होने का मुद्दा उठा। अधिवक्ताओं ने जस्टिस मनोज गर्ग को अवगत भी करवाया कि एडवोकेट चैंबर्स का निर्माण हुए बिना नए कोर्ट कांप्लेक्स को शुरू कर करने से उनके सामने अनेक प्रकार की मुश्किलें उत्पन्न हो जाएंगी। नए कांप्लेक्स में अधिवक्ता अपना काम कैसे कर पाएंगे? जब उनके लिए बैठने की समुचित और पर्याप्त जगह ही नहीं होगी। निरीक्षण के दौरान जस्टिस मनोज गर्ग ने परिसर के निर्माण की एजेंसी के नोडल अधिकारी से निर्माण कार्य के बारे में चर्चा की। जानकारी के अनुसार उन्होंने निर्देश दिए हैं कि आगामी जून माह के अंतिम सप्ताह तक प्रथम चरण का निर्माण पूर्ण कर लिया जाए ताकि जुलाई में इस कांप्लेक्स का लोकार्पण हो सके। उनके द्वारा जुलाई में नए परिसर का लोकार्पण किया जाने की इच्छा ही जाहिर नहीं की गई बल्कि इसके निर्देश भी दिए। मगर नए कांप्लेक्स में बाकी निर्माण करें कैसे पूरे होंगे, इस पर एक बड़ा सवालिया निशान लग गया है क्योंकि राज्य सरकार की ओर से पूर्व में निर्धारित बजट राशि का आवंटन ही नहीं किया जा रहा।

## आईटी क्रिकेट लीग में श्रीगंगानगर की आईटी स्ट्राइकर्स टीम विजयी



**जनमार्ग न्यूज।**

**श्रीगंगानगर।** सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग राजस्थान, जयपुर के तत्वावधान में जयपुर में आयोजित राजस्थान आईटी किक्रेट लीग 2025 में श्रीगंगानगर आईटी कार्मिकों की टीम गंगानगर आईटी स्ट्राइकर्स ने अपनी पहली जीत हैप्पी हिटर्स झुंझुनू को 6 विकेट से हराते हुए दर्ज की। विभागीय टूर्नामेंट में गंगानगर टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए झुंझुनू की टीम को 17 ओवर में मात्र 113 रन पर ऑलआउट कर दिया। सहायक प्रोग्रामर राजेश गुनेजा और दुर्गेश अवस्थी ने 3-3 विकेट लेते हुए बेहतरीन गेंदबाजी की। जवाब में गंगानगर स्ट्राइकर्स ने 4 विकेट खोकर ही सूचना सहायक आरिफ खान के 44 रनों की बदौलत लक्ष्य हासिल कर लिया। कप्तान राजेश गुनेजा के ऑलराउंर्ड प्रशर्दन पर उन्हें मैन ऑफ द मैच से नवाजा गया।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692